●वर्ष : 16 ●अंक : 272 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित शुक्रवार 24 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ रही महंगाई-बेरोजगारी: जयराम रमेश

### » जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को घेरा

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, "मोडानी सरकार ने पिछले दस सालों में केवल अपने अमीर मित्रों का ध्यान रखा है। सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार बढ़ रही बेरोजगारी और महंगाई ने निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए जीवन बेहद मुश्किल बना दिया है। दूध, आटा, दाल, पेट्रोल, डीजल और सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। ईएमआई और रोजमर्रा की जरूरतों का बोझ हर घर पर बढ़ता जा रहा है। देश को अब महंगाई से राहत देने वाला बजट चाहिए। क्या सरकार जनता की तकलीफें सुनकर कोई ठोस कदम उठाएगी।



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर मोदी सरकार को घेरा। पार्टी नेता जयराम रमेश ने बताया कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई ने निम्न और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए जीवन को को बहुत कठिन कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश को अब ऐसे बजट की जरूरत है जो बढ़ती महंगाई से राहत दे। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में महंगाई ने आम लोगों की जेबें खाली कर दी।

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया था कि क्वार्टर 2 जीडीपी वृद्धि संख्या कोई झटका नहीं है, बल्कि अर्थव्यवस्था में एक स्पष्ट मंदी है और महामारी के बाद का उछाल विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त नहीं है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी मोदी सरकार पर उनकी आर्थिक नीतियों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक विकास तब होगा, जब हर कोई प्रगति करेगा। व्यापार के लिए उचित माहौल होता है, निष्पक्ष कर प्रणाली होती है और श्रमिकों की आय बढ़ती है।

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, "कृषि क्षेत्र में गलत नीतियों ने किसान और खेत मजदूर की स्थिति बदहाल की है। वे मुश्किल से अपना गुजारा कर पा रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में श्रमिकों की वास्तविक आमदनी या तो स्थिर है या कम हुई है। हानिकारक जीएसटी और इनकम टैक्स की मार ने गरीब और मिडिल क्लास का जीना हराम कर रखा है, जबकि कॉर्पोरेट का कर्जा माफ किया जा रहा है। आसमान छूती महंगाई के कारण अब न सिर्फ गरीब बल्कि सैलरीड क्लास भी अपनी जरूरतों के लिए लोन लेने को मजबूर है। वास्तविक विकास वो है जहां सबकी उन्नति हो। बिजनेस के लिए निष्पक्ष माहौल मिले, उचित टैक्स सिस्टम हो और श्रमिकों की आमदनी बढ़े। इससे ही देश समृद्ध और मजबूत बनेगा।

रविवार को राहुल गांधी ने जनता की वकालत करते हुए व्हाइट टी-शर्ट आंदोलन शुरू करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से इस आंदोलन में जुड़ने की भी अपील की। उन्होंने मोदी सरकार पर गरीबों को पीठ दिखाने का आरोप लगाया। अर्थव्यवस्था को लेकर कांग्रेस हमेशा केंद्र सरकार पर हमला करती रही है। पार्टी का दावा है कि बढ़ती कीमतें, घटता निजी निवेश और स्थिर वेतन आम लोगों पर भारी पड़ रहा है।

### »» राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र पर किया हमला

राहुल गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मोदी सरकार पर हमला कहते हुए पोस्ट किया। उन्होंने कहा, "मोदी जी के विकसित भारत की सच्चाईः मेहनत आपकी, मुनाफा किसका? आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है, लेकिन क्या आपको इसमें उचित हिस्सा मिल रहा है? जरा सोचिए। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई। इस वजह से लोगों को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## ज्वलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### दिल्ली में मुफ्त चुनावी उपहारों के शोर में असल मुद्दे दब कर रह गये हैं

अक्सर आपने देखा होगा कि किसी राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक और सामाजिक समीकरण हावी हो जाते हैं लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में हालात एकदम अलग हैं। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में राजनीतिक चर्चा में मुफ्त उपहारों की चर्चा हावी है जिससे प्रदूषण, कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अपराध और बुनियादी ढांचा सहित अन्य प्रमुख मुद्दे पीछे रह गए हैं। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महिलाओं के लिए निःशुल्क सार्वजनिक परिवहन पहल पर जोर देते हुए रेवड़ी पर चर्चा जैसे अभियानों का नेतृत्व कर रही है। इसने नयी योजनाओं की भी घोषणा की है, जिनमें महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये देने के वादे के साथ मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल संबंधी संजीवनी योजना शामिल है। कांग्रेस ने जवाब में प्यारी दीदी योजना की घोषणा की है जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने की बात कही गई है। इसने 25 लाख रुपये तक की बीमा कवरेज का वादा करते हुए जीवन रक्षा योजना की घोषणा भी की है। वहीं भाजपा ने भी अपने संकल्प पत्र के दो चरण अब तक जारी किये हैं जिनमें हर वर्ग के लिए योजनाओं की भरमार है। देखा जाये तो इन मुफ्त योजनाओं को एक बार मुफ्त की रेवड़ी करार देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करना पड़ा है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो इस तरह की योजनाएं जारी रखी जाएंगी। इस बीच, मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहारों की घोषणाओं के चलते दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसा महत्वपूर्ण मुद्दा गौण हो गया है। हालांकि राजधानी के ज्यादातर निवासियों ने गंभीर स्वास्थ्य खतरा बने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस कार्य योजनाओं की कमी पर चिंता जताई है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पिछले साल नवंबर में 490 के अंक को पार कर गया।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## समाचार

### लोग जानते भी नहीं उन्हें भी... संजय राउत ने की बाल ठाकरे की भारत रत्न देने की मांग

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिव सेना ने केंद्र से दिवंगत शिव सेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग की है। यह मांग गुरुवार को उनकी जयंती पर की गई। यूबीटी सेना के सांसद संजय राउत ने पुरस्कार पर पिछले फैसलों की आलोचना करते हुए कहा कि यह उन लोगों को दिया गया है जिन्हें वोटों की खातिर लोग जानते भी नहीं थे। उन्होंने कहा कि मैं उनका नाम लेना और उनका अपमान नहीं करना चाहता, लेकिन अगर सरकार वास्तव में बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि देना चाहती है, तो उन्हें 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस पर उनके लिए भारत रत्न की घोषणा करनी चाहिए। राउत ने हिंदुओं की वकालत करने में ठाकरे की भूमिका और अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण के लिए उनके समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री और प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर बालासाहेब को श्रद्धांजलि दी है। यदि वे वास्तव में ऐसा चाहते हैं, तो उन्हें तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। यूबीटी सेना ने भी वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग दोहराई है. राउत ने अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना करते हुए उन पर सावरकर के प्रति निष्ठाहीन समर्थन का आरोप लगाया। ह्लसावरकर के प्रति उनका प्यार नकली है। 23 जनवरी, 1926 को जन्मे बाल ठाकरे एक कार्टूनिस्ट थे, जो एक तेजतर्रार राजनीतिक नेता में बदल गए, उन्होंने मराठी भाषियों के अधिकारों की वकालत करने और हिंदुत्व को बढ़ावा देने के लिए 1966 में शिव सेना की स्थापना की। उनके नेतृत्व में पार्टी महाराष्ट्र में एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरी।

# राहुल गांधी ने केजरीवाल और पीएम मोदी पर साधा निशाना

## कहा- दिल्ली को 'असली विकास मॉडल' की जरूरत

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली की जनता को अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का "असली विकास मॉडल" की जरूरत है, न कि पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल के 'झूठे प्रचार का मॉडल' की। राहुल गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाने वाला एक वीडियो साझा किया। राहुल ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा, "खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है। दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल नहीं, शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है। इससे पहले राहुल गांधी अस्वस्थ होने के चलते बुधवार को दिल्ली के सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में अपनी प्रस्तावित जनसभा को संबोधित नहीं कर सके थे। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के निकट प्रस्तावित इस जनसभा राहुल शामिल नहीं हो पाए थे। राहुल के रैली में शामिल न होने पर देवेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए कहा था, राहुल जी तबियत खराब होने के कारण यहां नहीं पहुंच सकेंगे। वहीं इस महीने की शुरूआत में राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि दोनों नेताओं में कोई अंतर नहीं है और वे नहीं चाहते कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका हक मिले। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली जनसभा में केजरीवाल पर विशेष रूप से निशाना साधते हुए राहुल ने कहा था कि केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण, भ्रष्टाचार और महंगाई के बावजूद झूठा प्रचार और झूठे वादों की मोदी की रणनीति का पालन कर रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाती है तो दिल्ली में जाति सर्वेक्षण कराया जाएगा। राहुल ने शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली सरकारों के तहत किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि केजरीवाल और भाजपा कांग्रेस के ट्रैक रिकॉर्ड की बराबरी नहीं कर सकते हैं।

### » मणिपुर सीएम की चेतावनी, कानून का उल्लंघन करने वाले सोशल पोस्ट करने से बचें

# केजरीवाल ने पांच साल के भीतर दिल्ली में बेरोजगारी खत्म करने का वादा किया



**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए दो सप्ताह से भी कम समय शेष है और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को अगले पांच वर्षों के भीतर राष्ट्रीय राजधानी में बेरोजगारी को खत्म करने का संकल्प जताया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश में रोजगार पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता हमारे युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना होगी। हमारी टीम बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने के लिए एक विस्तृत योजना का मसौदा तैयार कर रही है। अपनी सरकार के पिछले काम पर प्रकाश डालते हुए केजरीवाल ने दावा किया कि पंजाब में आप सरकार ने दो साल से भी कम समय में 48,000 सरकारी नौकरियां प्रदान कीं और युवाओं के लिए तीन लाख से अधिक निजी क्षेत्र की नौकरियों की सुविधा प्रदान की। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि रोजगार कैसे पैदा किया जाता है और हमारे इरादे नेक हैं। लोगों के समर्थन से हम अगले पांच साल में दिल्ली से बेरोजगारी खत्म कर देंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान पांच फरवरी को होना है और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। आप दिल्ली में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में है, लेकिन उसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कड़ी टक्कर मिल रही है।

# राहुल गांधी आज भी नहीं करेंगे दिल्ली में कोई रैली, रद्द हुआ प्रोग्राम

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज भी दिल्ली में प्रचार नहीं करेंगे। पार्टी के दिल्ली प्रमुख देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के मुस्तफाबाद में होने वाली मेगा रैली उनके खराब स्वास्थ्य और चिकित्सकीय सलाह के कारण रद्द कर दी गई। यादव ने कहा कि फिलहाल, शुक्रवार को मादीपुर में राहुल गांधी की चुनावी रैली तय समय पर है और उनके एक विशाल सभा को संबोधित करने की संभावना है। इन अटकलों को खारिज करते हुए कि गांधी की रैलियों को रद्द करने का उद्देश्य मुस्लिम मतदाताओं का विभाजन न करके आप की मदद करना था - यादव ने कहा, "ये अफवाहें हैं। हम स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे हैं। देवेंद्र यादव ने विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए आने वाले दिनों में राहुल गांधी और पार्टी सांसद प्रियंका गांधी के व्यस्त कार्यक्रम का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के बाद, पार्टी नेता दिल्ली में अभियान तेज करने जा रहे हैं। आप और भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए यादव ने कहा कि जब कांग्रेस रैली नहीं करती तो 'बड़े भाई' कहते हैं कि हम 'छोटे भाई' की मदद कर रहे हैं जबकि 'छोटे भाई' का आरोप है कि 'हम 'बड़े भाई' के खिलाफ उनकी लड़ाई का समर्थन नहीं कर रहे हैं। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के निकट प्रस्तावित इस जनसभा को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और पार्टी के कुछ अन्य नेताओं ने संबोधित किया। सदर बाजार से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल भारद्वाज उम्मीदवार हैं। देवेंद्र यादव ने जनसभा में कहा, राहुल जी तबियत खराब होने के कारण यहां नहीं पहुंच सकेंगे। उन्होंने राहुल गांधी का संदेश पढ़ा जिसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि तबीयत ठीक होने के बाद वह लोगों से मिलेंगे तथा उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस का समर्थन करने का आह्वान किया। राहुल गांधी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ हैं। इसके कारण उन्हें पिछले दिनों नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा था और 21 जनवरी को कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की ह्यजय बापू, जय भीम, जय संविधान रैलीह्व में भी वह शामिल नहीं हो सके थे। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी आने वाले दिनों में दिल्ली में कई जनसभाओं को संबोधित करने के साथ ही रोडशो और पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं।

# झूठ बोलने के कंपटीशन में फर्स्ट आएंगे केजरीवाल : जेपी नड्डा

**दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) की तीखी आलोचना करते हुए उन पर दिल्ली में उनके एक दशक लंबे शासन के दौरान अभूतपूर्व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उत्तम नगर में अपने संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि मैं आज यहां जो आप सभी में जोश, उमंग और उत्साह देख रहा हूं, उससे स्पष्ट हो रहा है कि आपने कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है। इसके साथ ही आपने आम आदमी पार्टी (आप-दा) को उखाड़ फेंकने का भी संकल्प ले लिया है। केजरीवाल और उनकी पार्टी पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि पिछले 10 सालों में आम आदमी पार्टी ने जिस तरीके से दिल्ली में भ्रष्टाचार किया, जिस तरीके के दिल्ली को तकलीफ में डाला। मैं कह सकता हूं कि इस अअढ-दा सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि जो भ्रष्टाचार से लड़ने के नाम पर सरकार में आया था, उसी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इस आप-दा सरकार ने शिक्षा की बात कही, लेकिन शिक्षा को छोड़कर शराब के घोटाले में पड़ गए और 2,800 करोड़ रुपए का घोटाला किया। इसी तरह इन्होंने पानी देने की बात कही, लेकिन कभी इन्होंने दिल्ली की जनता को साफ पानी नहीं दी और जल बोर्ड में 28 हजार करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। अपना वार जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि इसी तरह अअढ-दा सरकार ने 300 करोड़ रुपए का दवाई घोटाला किया। इसी तरह इन्होंने स्कूल की बात की और 1300 करोड़ रुपए का क्लासरूम घोटाला कर दिया। इसी तरह 500 करोड़ रुपए का पैनिक बटन घोटाला किया, 5,400 करोड़ रुपए का राशन कार्ड घोटाला किया। बस की खरीदी में 4,500 करोड़ रुपए का घोटाला किया। अअढ-दा सरकार ने हर जगह सिर्फ घोटाला ही घोटाला करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह अअढ-दा सरकार ने यमुना की सफाई करने की बात कही और यमुना सफाई के नाम पर 700-800 करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। झूठ बोलने का रिकॉर्ड अगर किसी ने बनाया है तो वो अरविंद केजरीवाल है। नड्डा ने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि दिल्ली को 10 सालों में विकास के मामले में अगर जो कुछ भी काम हुआ है तो वो पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी की देन है। यहां 300 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें मोदी जी ने दी हैं और दिसंबर 2025 तक 2,026 बसें नई दी जाएंगी। पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी ने रैपिड रेल की भी शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ केजरीवाल खुद के लिए शीश महल बना रहे हैं और दूसरी तरफ पीएम मोदी हैं जिन्होंने पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ लोगों को पक्का घर देने का काम किया है, इसमें 30 हजार मकान दिल्ली में बनाए गए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये चुनाव... दिल्ली के भविष्य का चुनाव है, ये चुनाव... आपके भविष्य का चुनाव है, ये चुनाव... दिल्ली को आगे ले जाना वाला चुनाव है और भाजपा, दिल्ली को आगे ले जाने के लिए कृतसंकल्पि है।

# एनडीए सरकार ने कपूर्री ठाकुर को दिया भारत रत्न

## उनकी नीतियों का पालन किया: सम्राट चौधरी

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जनसंघ के समय से भाजपा ने पिछड़े-अतिपिछड़े समाज को आरक्षण देने के कपूर्री ठाकुर के फैसले का समर्थन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जननायक को भारतरत्न प्रदान कर उनका सम्मान किया। कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती पर कल उनके गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने से पहले चौधरी ने कहा कि 1978 में कपूर्री ठाकुर की सरकार ने अतिपिछड़ों को 12 प्रतिशत, पिछड़ों को 8 प्रतिशत आरक्षण दिया था । उस समय सरकार में शामिल जनसंघ ( अब भाजपा ) के कद्दावर नेता कैलाशपति मिश्र ने कपूर्री जी का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि आरक्षण पर जननायक के काम का श्रेय लूटने की कोशिश करने वाले लालू प्रसाद ने 15 साल के शासन में बिना आरक्षण दिये पंचायत चुनाव कराये थे, जबकि नीतीश कुमार ने पंचायतों में दलितों ,पिछड़ों, महिलाओं को आरक्षण दिया। उस समय भी भाजपा सरकार में शामिल थी और स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी उपमुख्यमंत्री थे। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि भाजपा और एनडीए सरकार कपूर्री जी के आदर्शों का पालन करती है,जबकि विपक्ष उनके नाम पर केवल राजनीति करता है। समस्तीपुर में कपूर्री ठाकुर के गाँव में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार, केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल होंगे।

# लोग संस्कृत पढ़ते अवश्य हैं लेकिन इसको समझे नहीं - प्रो सलूजा

**दिल्ली ,प्रो अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ, सीएसयू ।**

**नई दिल्ली।** सूचनीय है कि कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेडी की अध्यक्षता में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली ,विश्वविद्यालय अनुदान आयोग , दिल्ली ,भारतीय भाषा समिति, भारत सरकार ,दिल्ली तथा श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के साथ मिल कर एक द्विदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 23-25 जनवरी 2025 का उद्घाटन आज इसके सारस्वत सभागार में किया गया ।। कुलपति प्रो वरखेडी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सामान्यतः संस्कृत के विद्वान महाभारत के उस बात की चर्चा तो करते हैं कि जो दुनिया में है वह महाभारत में है और जो अन्यत्र नहीं है ,वह भी महाभारत में ही है । इस उद्धरण को स्पष्ट करते प्रो वरखेडी ने भारतीय भाषाओं में उच्चतर



शिक्षण संस्थानों के लिए सामग्री लेखन के लिए देश के विविध विश्वविद्यालयों से पधारे विद्वानों के उद्बोधन के क्रम में कहा कि हमें भारतीय भाषाओं के लिए संस्कृत में ऐसी पाठ्य सामग्री का निर्माण करना चाहिए जो न मात्र संस्कृत के पाठक समझ सकें , अपितु यह सामग्री भारतीय भाषाओं के अन्य पाठकों के लिए पाठकीयता की दृष्टि से आकर्षण का केन्द्र बन सके । इसका बहुत बड़ा कारण यह भी है कि एन.ई.पी.-2020 में बहुविषयक शोध को केन्द्र में रख कर अध्ययन अध्यापन पर जो बल दिया गया है उसका मूल आधार स्रोत संस्कृत साहित्य तो ही है । इसके लिए प्रो वरखेडी ने इस बात पर भी बल देते कहा कि समय की यह युगीन मांग है कि संस्कृत के साथ भारत की अन्य भाषाओं का भी कैसे विनियोग किया जाय ? उन्होंने प्रो चांद किरण सलूजा के बीज वक्तव्य की भूरि भूरि प्रशंसा करते यह भी कहा कि यह बहुत ही प्रसन्नता की बात है कि उन्होंने इस कार्यशाला में आमन्त्रित लेखकों को एन .ई.पी . 2020 के मापदण्डों के गूढ मन्त्रों को बहुत ही सरल तथा सरस शैली में रखा ।

# महिलाओं को मिलेगा महिला समृद्धि योजना का लाभ : सिरसा



नई दिल्ली, जनवरी : भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी मनजिंदर सिंह सिरसा ने वादा किया है कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद वह यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके निर्वाचन क्षेत्र की हर पात्र महिला को महिला समृद्धि योजना का लाभ मिले। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए नकद दिए जाएंगे। महिलाओं से संवाद करते हुए मनजिंदर सिंह सिरसा ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली की महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह देने का वादा किया था। बाद में उन्होंने पंजाब की महिलाओं को 1100 और फिर दिल्ली की महिलाओं को 2100 रुपए देने की घोषणा की, लेकिन इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने महिलाओं को गुमराह किया और उनके वोट लेकर उन्हें धोखा दिया। भाजपा की नीतियों की सराहना करते हुए सिरसा ने कहा कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भाजपा सरकार ने ह्यलाड़ली बहनाह्ल और अन्य योजनाओं के जरिए महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिल्ली में भी ह्यमहिला समृद्धि योजनाह्ल को सफलतापूर्वक लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि गरीब महिलाओं को हर सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी और होली-दिवाली के अवसर पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त मिलेगा। इसके अलावा, महिलाओं और लड़कियों को निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य बीमा, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। चुनावी अभियान के दौरान बुध बाजार चौखंडी और विष्णु गार्डन क्षेत्रों में श्री सिरसा ने पदयात्रा की और दर्जनों सभाओं को संबोधित किया। महिलाओं ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे दिल्ली के विकास और ईमानदार नेतृत्व के लिए भाजपा को समर्थन देंगी।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली में महिला प्रदेश मंत्री पद के दायित्व पर नियुक्त किया गया

**रिपोर्ट :- रजत शर्मा**



**नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्ण पांडेय ने पिंकी द्विवेदी को दिल्ली महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश मंत्री पद के दायित्व पर नियुक्त किया गया। जानकारी अनुसार पता चला कि ये एक अच्छी समाज सेविका भी है गरीबों के लिए बहुत अच्छे कार्य करती हैं। मथुरा वृंदावन की रहने वाली है और दिल्ली में उत्तम नगर की निवासी हैं," उनके कार्य कुशलता और अनुभव के आधार पर, अखिल भारत हिंदू महासभा दिल्ली प्रदेश में उन्हें "महिला प्रदेश मंत्री" के दायित्व पर नियुक्त किया गया। अखिल भारत हिन्दू महासभा संगठन के सभी पदाधिकारी ने खुशी जाहिर करते हुए और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्ण पाण्डेय ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि संगठन के तरफ से दिए गए दायित्व को पिंकी द्विवेदी भली-भांति तरीके से पूर्ण करेंगी और प्रदेश अध्यक्ष जी के द्वारा दिए गए हर दिशा निर्देश अक्षरशः तन मन धन और समर्पण से पालन करेंगी। साथ ही साथ महिला प्रदेश अध्यक्ष रेखा पांडेय के साथ मिलकर दिल्ली प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाएंगे और साथ ही साथ अखिल भारत हिंदू महासभा दिल्ली प्रदेश के संगठन विस्तार में और सदस्यता अभियान में भरपूर सहयोग करेंगी।

# मोडानी सरकार ने पिछले दस सालों में केवल अपने अमीर मित्रों का ध्यान रखा है।



**नई दिल्ली।** सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार बढ़ रही बेरोजगारी और महंगाई ने निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए जीवन बेहद मुश्किल बना दिया है। दूध, आटा, दाल, पेट्रोल, डीजल और सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। ईएमआई और रोजमर्रा की जरूरतों का बोझ हर घर पर बढ़ता जा रहा है। देश को अब महंगाई से राहत देने वाला बजट चाहिए! क्या सरकार जनता की तकलीफें सुनकर कोई ठोस कदम उठाएगी। #महंगाई #बजट2025

# आप के पाप का पदार्फाश

## आप के विधायक ने किया, आप के पाप का पदार्फाश - पवन खेड़ा

**>>> आप की ईमानदारी का मुखौटा उतरा - देवेन्द्र यादव**




**नई दिल्ली।** 23 जनवरी, 2025- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन मीडिया और पब्लिसटी विभाग के चेयरमैन श्री पवन खेड़ा ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव की मौजूदगी में एल्कोहल अफेक्टेड पार्टी आप के पाप के खुलासे में शराब घोटाले से जुड़े भयावह सच का ऑडियो जारी करके बड़ा खुलासा किया। पारदर्शी प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त स्वच्छ राजनीति करने का वादा करने वालों का हर दिन भ्रष्टाचार का पदार्फाश हो रहा है। ऑडियो साथ में संलग्न है। संवाददाता सम्मेलन में अ0भा0क0कमेटी के सचिव प्रभारी श्री सुखविन्दर सिंह डैनी, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, कांग्रेस प्रवक्ता श्री अभय दूबे मौजूद थे। श्री पवन खेड़ा ने संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमने आपके सामने आम आदमी पार्टी के तत्कालीन शराब मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा अरविन्द केजरीवाल की सलाह पर शराब घोटाले को कैसे अंजाम देते थे, नरेला से विधायक और वर्तमान में प्रत्याशी श्री शरद चौहान के ऑडियो में पूरा खुलासा हुआ है। शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल व उनके इर्द गिर्द के लोगों और मनीष सिसोदिया की संलिप्तता का ऑडियो उजागर हुआ है। ऑडियो में साफ सुनाई दे रहा है है कि गुजरात, पंजाब और गोवा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने शराब की कम्पनियों से पैसा लेकर इस्तेमाल किया और यह भी कहा गया कि अब दिल्ली में पंजाब से पैसा आ रहा है। श्री पवन खेड़ा ने कहा कि सिर्फ आम आदमी पार्टी ही शिक्षा मंत्री को शराब मंत्री बना सकती है। जिसका काम शिक्षा बेहतर बनाने का है अगर वहीं शिक्षित बेरोजगारों को शराब वो भी एक के साथ एक मुफ्त बांटने का काम करेगा तो पीढ़िया बर्बाद होंगी। दिल्ली को बर्बाद करने का काम आम आदमी पार्टी ने किया। उन्होंने कहा कि एक-एक करके इनकी असलियत सबके सामने आ रही हैं, इतिहास में पहली बार हुआ है कि एक ही राज्य के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री दोनो एक ही घोटाले के लिए जेल गए। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय मॉडल की बात करने वालों के घोटाले भी ग्लोबल हो रहे हैं।

# भारत में डायरिया के कारण बच्चों में उच्च मृत्यु दर की चुनौती

## नई ओआरएस तकनीक से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार की संभावना

नई दिल्ली, जनवरी : केनव्यू, जो औरसल इलैक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का निर्माता है, ने 20 जनवरी को भारत मोबिलिटी कॉम्पोनेन्ट शो में डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से पीड़ित मरीजों के लिए रेडी-टू-ड्रिंक (आरटीडी) ओआरएस लॉन्च किया। यह नया उत्पाद डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित फॉर्मूले पर आधारित है, जो डायरिया से प्रभावी रूप से निपटने के लिए सटीक ऑस्मोलैरिटी प्रदान करता है। औरसल, रेडी-टू-ड्रिंक इलैक्ट्रोलाइट ड्रिंक ब्रांड, पहले से ही नॉन-डायरिया स्थितियों में तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत में डायरिया बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है, और डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) इसके इलाज का स्वर्ण मानक है। हालांकि, पाउडर ओआरएस की गलत तैयारी के कारण प्रभावशीलता में कमी आ सकती है। औरसल ने इस समस्या को हल करते हुए हाइड्रा-एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस पेश किया है, जो उपयोगकताओं को सही ऑस्मोलैरिटी सुनिश्चित करने में मदद करता है। कंपनी के मैनेजिंग डायरैक्टर मनीष आनंदानी ने कहा, हम विज्ञान-आधारित नवाचार पर लगातार काम कर रहे हैं और नए ओआरएस के लॉन्च से डायरिया डिहाइड्रेशन से लड़ने में हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। केनव्यू ने अपने संपूर्ण हाइड्रेशन समाधानों के पोर्टफोलियो के विज्ञान को पेडिकॉन में पेश किया, जहां भारत के प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञों ने डब्ल्यूएचओ ओआरएस के साथ डायरिया से लड़ने और बाल मृत्यु दर को कम करने का संकल्प लिया।



अरविंद केजरीवाल प्रचार करते हुए। (सईद अहमद)



प्रचार के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव।

# मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर चलेंगी रिकार्ड 150 से अधिक मेला स्पैशल ट्रेनें

## एक दिन में 150 से अधिक स्पैशल ट्रेनों का संचालन होगा एक कीर्तिमान

नई दिल्ली, जनवरी : महाकुंभ की प्रयागराज में शुरुआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गई है। मकर संक्रांति के दिन महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान पर्व पर उम्मीद से अधिक लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया था। अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। इसी क्रम में महाकुम्भ के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिए तैयारियां पूरे जोर पर हैं। प्रयागराज रेल मंडल ने भी मौनी अमावस्या के दिन करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 150 से अधिक मेला स्पैशल ट्रेन चलाने की योजना तैयार कर ली है जो अपने आप में भारतीय रेलवे के लिए एक कीर्तिमान होगा।

### प्रयागराज के सभी 9 स्टेशनों से दिशावार मेला स्पैशल ट्रेनों का होगा संचालन

दिव्य-भव्य महाकुंभ में प्रयागराज आकर संगम स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मकर संक्रांति के पहले अमृत स्नान के दिन लगभग 3.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया, जिनके लिए प्रयागराज रेल मंडल ने 101 मेला स्पैशल ट्रेनें चलाई गई थी। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड था। इसी अनुरूप रेल प्रशासन महाकुम्भ के सबसे बड़े अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिए भी तैयारियां कर रहा है। मेला प्राधिकरण का अनुमान है कि मौनी अमावस्या के दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम स्नान करेंगे।

### मौनी अमावस्या के पर्व पर प्रयागराज रेल मंडल चलाएगा हर 4 मिनट में एक ट्रेन

मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के लिए रेलवे की तैयारियों के बारे में बताते हुए प्रयागराज रेलवे के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज रेलवे 150 से अधिक मेला स्पैशल ट्रेनें चलाएगा। सबसे अधिक ट्रेन प्रयागराज जंक्शन से चलेंगी, इसके अलावा मण्डल के अन्य स्टेशनों से दिशावार स्पैशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा नियमित ट्रेनों का संचालन भी समय अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी स्टेशन से एक दिन में 150 से अधिक स्पैशल ट्रेनों का संचालन करना अपने आप में एक कीर्तिमान होगा। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन लगभग हर 4 मिनट पर एक ट्रेन का होगा संचालन।

# पटवारी रिश्वत लेता पकड़ा

चंडीगढ़, जनवरी : एसीबी हिसार ने मुकेश कुमार पटवारी कार्यालय डीटीपी भिवानी को शिकायतकर्ता कपिल निवासी तिगडाना हिसार से 30,000 रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता कपिल ने शिकायत में कहा कि मुकेश पटवारी उसके दोस्त दीपक के पिता भीष्म व उसके परिवार के सदस्यों को जमीन बेचने के संबंध में डीटीपी कार्यालय भिवानी से एनओसी जारी करने की एवज में 30,000 रुपए रिश्वत मांग रहा है, जिस पर एसीबी ने शिकायतकर्ता कपिल से आरोपी मुकेश पटवारी को 30,000 रुपए की रिश्वत लेते काबू किया। यह कार्रवाही गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। पटवारी पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# जलवायु परिवर्तन और एआई के प्रभाव पर ध्यान देने की आवश्यकता की जरुरत : संजीव कृष्ण

नई दिल्ली, जनवरी : पीडब्ल्यूसी ने अपना 28वां वार्षिक ग्लोबल सीईओ सर्वेक्षण जारी किया, जिसमें भारत के 87 प्रतिशत सीईओ ने देश की आर्थिक वृद्धि को लेकर उत्साह व्यक्त किया है, जो वैश्विक औसत 57 प्रतिशत से काफी अधिक है। सर्वेक्षण में 109 देशों के 47 सौ से अधिक सीईओ शामिल थे, जिनमें 75 से अधिक भारतीय सीईओ थे। 74 प्रतिशत भारतीय सीईओ अगले तीन वर्षों में अपनी कंपनियों की राजस्व वृद्धि को लेकर आश्वस्त हैं।

भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, व्यापार में आसानी, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और की मौजूदगी निवेशकों को आकर्षित कर रही है। पीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन संजीव कृष्ण ने कहा कि सीईओ के लिए चुनौती यह है कि वे भविष्य के लिए ईको-सिस्टम की कल्पना करें, जिसमें जलवायु परिवर्तन और एआई जैसे मेगाट्रेंड का ध्यान रखना होगा। जनरेटिव एआई के प्रभाव पर भारत के 51 प्रतिशत सीईओ सकारात्मक हैं, लेकिन 3 में से 2 सीईओ को एआई के एकीकरण पर विश्वास की कमी है। हमें जलवायु परिवर्तन और एआई के प्रभाव पर ध्यान देने की आवश्यकता की जरुरत है।

**अरविंद केजरीवाल का एक और चुनावी वादा**

# बोले- अगले 5 साल में दिल्ली से खत्म कर देंगे बेरोजगारी

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और कहा कि अगले 5 वर्षों में हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता दिल्ली में बेरोजगारी खत्म करना होगी। उन्होंने कहा कि मेरी टीम राष्ट्रीय राजधानी में रोजगार के अवसर कैसे पैदा करें, इस पर एक योजना तैयार कर रही है। केजरीवाल ने बुधवार को देश के मध्यम वर्ग के लिए सात सूत्री "घोषणापत्र" की घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें लगातार सरकारों द्वारा नजरअंदाज किया गया है और वे "कर आतंकवाद" के शिकार हैं। बुधवार को एक वीडियो संदेश में, केजरीवाल ने कहा कि मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक महाशक्ति है, लेकिन लंबे समय से इसे नजरअंदाज किया गया है और केवल कर संग्रह के लिए इसका शोषण किया गया है। भाजपा ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि केजरीवाल ने मध्यम वर्ग के लिए अपना दृष्टिकोण पेश करने के बजाय, केंद्र के समक्ष "लोकलुभावन मांगें" रखकर उन्हें गुमराह करने की कोशिश की है। केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से आगामी पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में सोच-समझकर वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने भाजपा के चुनाव चिह्न कमल का हवाला देते हुए मतदाताओं को गलत बटन न दबाने की चेतावनी दी और कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो लोगों को वर्तमान में मिल रहीं सभी मुफ्त सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी।

# कैंसर डायग्नॉस्टिक्स में जीनोमिक टैस्टिंग का योगदान, भारत में जीनोमिक टैस्टिंग की बढ़ती मांग

नई दिल्ली, जनवरी : एजिलस डायग्नॉस्टिक्स ने मायलॉयड मैलिग्नेंसी की जांच के नतीजे केवल 3 दिनों के टर्नअराऊंड टाइम में उपलब्ध कराते हुए जीनोमिक टैस्टिंग में एक नई उपलब्धि हासिल की है। एजिलस ने नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग तकनीक का उपयोग करते हुए यह मानक स्थापित किया है, जो पारंपरिक जांच से कहीं अधिक तेज और सटीक है। यह परीक्षण मायलॉयड जीनोमिक टैस्टिंग में 79 महत्वपूर्ण जीनों का विश्लेषण करता है, जो आनुवंशिक बदलावों जैसे म्यूटेशन्स और फ्यूजन का पता लगाने में सहायक हैं। भारत में जीनोमिक टैस्टिंग का बाजार तेजी से बढ़ रहा है, जो अगले पांच वर्षों में 15 फीसदी की सीएजीआर



जीनोमिक टैस्टिंग की जानकारी देते डा. आनंद के. व अन्य।

दर से बढ़ने की संभावना है। यह तकनीक कैंसर डायग्नॉस्टिक्स में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, जिससे पर्सनलाइज्ड मैडिसिन और लक्षित थेरेपी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मैनेजिंग डायरैक्टर और सीईओ डॉ. आनंद के. ने कहा हमारी उन्नत टैस्टिंग ने प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी में नए मानक स्थापित किए हैं, जो मरीजों को त्वरित निदान और उपचार की सुविधा प्रदान करता है। यह तकनीक डॉक्टरों को समय पर निर्णय लेने में मदद करती है, जिससे मरीजों की देखभाल बेहतर होती है। यह सुविधा केवल डेटा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि डॉक्टरों को समय पर निर्णय लेने में सक्षम बनाती है, जिससे रोगियों की देखभाल में सुधार होता है।

# क्या दिल्ली में इस बार बिगड़ जाएगा 'आप' पार्टी का खेल, समझिए सियासी समीकरण

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गरम हो रहा है। आम आदमी पार्टी इस चुनाव में पूरे जोर-शोर के साथ उतरी है। दिल्ली की सत्ता पर आम आदमी पार्टी पिछले 10 सालों से काबिज है। वहीं अब आप पार्टी के लिए सरकार बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गई है। साल 2013 में आम आदमी पार्टी ने पहली बार चुनाव लड़ा था। उस दौरान पार्टी को सिर्फ 28 सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन साल 2015 और फिर 2020 के चुनावों में पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की थी। लेकिन अन्य राजनीतिक पार्टियां भी इस चुनाव में पूरा जोर लगा रही हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 आम आदमी पार्टी के लिए करो या मरो की स्थिति वाला है। आप पार्टी के लिए दिल्ली ही वह राज्य है, जहां आप का जनाधार बना है। साथ ही दिल्ली में आप पार्टी की योजनाओं को देशभर में प्रचारित किया। इन योजनाओं के आधार पर अन्य राज्यों में भी लोग आप के साथ जुड़ने लगे। पार्टी का जनाधार भी पिछले 10 साल में काफी बढ़ा है। ऐसे में दिल्ली में आप के लिए चुनाव जीतना काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। क्योंकि दिल्ली में दो बार आप सरकार बन चुकी है। पिछले चार सालों में सीएम रहते हुए अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के कारण आप पार्टी के बड़े नेताओं को जेल भी जाना पड़ा। हालांकि अभी सभी लोग जमानत पर बाहर हैं। लेकिन इस चुनाव में आप पार्टी पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगेंगे। जो पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है। वहीं अगर अन्य राजनीतिक पार्टियां अपना खोया हुआ जनाधार वापस पा लेती हैं

## समाचार

### प्राइमरी स्कूल को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों का माल चोरी, दी तहरीर

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल, जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** शिक्षा के मंदिर में चोरों ने लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ करके एक बार फिर पुलिस को चेतावनी दि है, कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द में स्थित इंग्लिश मीडियम प्राइमरी विद्यालय में बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने स्कूल में रखा लाखों रुपए की कीमत का सामान चोरी कर लिया, जिसकी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई, इस संबंध में प्रधानाध्यापक संजय सिंह ने तहरीर देते हुए स्कूल से गैस के चूल्हे, गैस के सिलेंडर, भगोने, परात, कुकर, एलईडी, इनवर्टर, बैटरी आदि सहित लगभग 1,55,500 के माल का अनुमान मानते हुए चोरी की तहरीर दी है, वहीं घटना को लेकर शिक्षकों में भी रोष व्याप्त है, बृहस्पतिवार को गंगेश्वरी ब्लॉक के शिक्षक नेता रामवीर सिंह के नेतृत्व में हसनपुर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी गई, इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक मौजूद रहे।

### शिव सैनिकों ने बाला साहब ठाकरे एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट द्वारा हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना के संस्थापक स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे जी की 99 जयंती पर ठाकरे जी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए एवं देश के सच्चे सिपाही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र के सम्मुख भी पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया, इस मौके पर शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुओं के सच्चे हितैषी और हिंदुत्व की अलख जगाने वाले एक मात्र स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे ही थे, वहीं उन्होंने कहा कि आजाद हिंद फौज के नायक तथा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसा व्यक्तित्व कहीं नहीं है, अतः दोनों महापुरुषों को कोटि-कोटि नमन है, इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी रवि यादव, राजकुमार सागर पूर्व नगर अध्यक्ष, मनु यादव, रामलाल यादव, रिंकू प्रजापति, सत्यवीर प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष निकुंज शर्मा, अरशद चौधरी आदि मौजूद रहे।

### रामशरन सुशीला आनंद हाई स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को नगर के प्रगतिशील विद्यालय रामशरन सुशील आनंद हाई स्कूल में वीर क्रांतिकारी आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें विद्यालय के छात्र- छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर नमन किया, इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत माता के वीर सपूतों में से एक थे उन्होंने अपना सारा जीवन भारत माता की सेवा में लगा दिया, इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा एडवोकेट ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा" का नारा देकर स्वतंत्रता संग्राम में एक नया जोश भर दिया था अंततः स्वतंत्रता मिली, इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, राजीव शर्मा, अनुराधा चौधरी, अंशु त्यागी , चरण सिंह, मंजरी दीक्षित, अफसा,खुशबू शर्मा, लक्ष्मी रस्तोगी, अंश सक्सेना, सदफ, स्वाति, नीलम सिंह, चंद्रशेखर अतुल मथुर, सुनीता, सीमा वर्मा आदि सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस ) ने मंडल आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**मुरादाबाद/अमरोहा।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) के प्रतिनिधि मंडल ने मुरादाबाद मंडल आयुक्त आनंजने कुमार सिंह से मुलाकात की और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया, वहीं इस दौरान संगठन द्वारा एक ज्ञापन मंडल आयुक्त को दिया गया, जिसमें हसनपुर में नवीन मंडी स्थल पर संचालित तहसील कार्यालय को नवनिर्मित तहसील भवन में जल्द से जल्द स्थानांतरित किए जाने की मांग को प्रमुखता से रखा गया है संगठन द्वारा मंडल आयुक्त को बताया गया कि मंडी परिसर एवं तहसील भवन के एक साथ होने से आए दिन रोड पर जाम की समस्या से किसानों, अधिवक्ताओं व संबंधितों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं रजिस्ट्री कार्यालय जो हसनपुर नगर के मुख्य बाजार में स्थित है जहां पर भीड़ भाड़ के चक्कर में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा आए दिन जाम की समस्या रहती है अतः नवीन तहसील भवन में रजिस्ट्री कार्यालय को स्थानांतरित किए जाने की भी मांग रखी गई, साथ ही नवनिर्मित तहसील भवन से पानी निकासी की व्यवस्था कीए जाने के लिए तहसील भवन से तालाब तक नाला निर्माण भी किए जाने की मांग की गई है, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना, राष्ट्रीय सलाहकार युवा चौधरी सत्येंद्र सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी, राष्ट्रीय सलाहकार उदयवीर सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री चौधरी यशवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### भगवान श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर दीपावली मनाई गई।




**संवाददाता मंजीत शर्मा**
**पीलीभीत।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर भजन कीर्तन का आयोजन। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर ग्राम वासियों ने ग्राम रूपपुर कमालू में शिव मंदिर पर श्री राम के जयकारों के साथ दीपक व पटाखे जलाकर दिवाली मनाई। भजन कीर्तन का भी आयोजन।

## पति पर नव विवाहित पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का लगा आरोप




**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**
**पैकोलिया बस्ती।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव में कथित रूप से पति द्वारा नव विवाहित पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार संगीता जिसका नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगही में मायका है । उसकी शादी पिछले 12 जुलाई 24 को कपूरपुर थाना पैकोलिया निवासी रवि शंकर गोस्वामी पुत्र स्वर्गीय श्याम नारायण के साथ धूमधाम से हुई थी । आज सुबह किसी बात को लेकर रवि शंकर ने अपनी पत्नी संगीता की गला दबाकर हत्या कर दी । सूचना पर पहुंचे पैकोलिया थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव तथा पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया । उसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी । घटनास्थल पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य इकट्ठा किया गया। सूचना पर अपर अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी हरैया संजय सिंह भी पहुंचे अपर अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में लोगों से जानकारी ली पुलिस ने मृतका के माता के तहरीर पर उसके पति रवि शंकर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है मृतका संगीता की मां राजकुमारी पत्नी दुर्योधन गोस्वामी निवासी बगही थाना नगर बस्ती नें पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री संगीता की शादी 12 जुलाई 24 को हिंदू रीति रिवाज से कपूरपुर थाना पैकोलिया बस्ती निवासी रवि शंकर के साथ धूमधाम से हुई थी ।शादी के बाद ही रवि शंकर द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था आज सुबह 7:00 रविशंकर ने हमारी लड़की संगीता का गला दबाकर हत्या कर दिया। सूचना मिलने पर हम लोग यहां आए हैं। पैकोलिया पुलिस नें शव का कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पैकोलिया थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि उक्त प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## भगवान बुद्ध हरिजन प्राथमिक विद्यालय बरहज देवरिया उत्तर के विद्यालय संघ



**देवरिया।** सुमित्रा देवी प्राथमिक पाठशाला छेरिया देवरिया उत्तर प्रदेश का बजट 2023-2024 का भेजा गया मानव संसाधान विकास मंत्रालय नई शिक्षा नीति भारत सरकार के निर्देशन में अध्यापक एवं कर्मचारियों के नियमित वेतन नई शिक्षा नीति उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूल के खाता सख्या 121240XXXXX5426 मे रुपये 13901521 भेजा गया है जिसका UTR.321523142512 और निर्मला देवी हरिजन प्राथमिक पाठशाला सहिया गढ़ लार देवारीय का खाता सख्या 121245XXXX36540 मे रुपये 12485360 जिसका वळफ 326652145243 है इस विद्यालयों मे 1 प्रधानाध्यपक, 15 स0अ0,1लिपिक,6 कर्मचरियों का वेतन और स्कूल निर्माण के लिए और प्रबंधक समिति के लिए अदर खर्च सामिल है इसकी सूचनार्थ भारत सरकार नई शिक्षा नीति को दे दिया गया है और सुमित्रा देवी प्राथमिक पाठशाला छेरिया देवरिया और निर्मला देवी हरिजन प्राथमिक पाठशाला सहिया गढ़ लार देवारीय उत्तर प्रदेश को भी दिया गया है और सूचना मंत्रालय भारत सरकार को भी भेज दिया गया है। जिस विद्यालयों का धन राशि अवमुक्त कराया गया है उन विद्यालयों का लिस्ट इस प्रकार से है जो कि शासन के आदेशा अनुसार इस विद्यालयों के 30 दिनों के अंदर जांच आख्या प्रोजेक्ट डारेक्टर शासन को प्रेषित किये जाये

1.श्रीमति मतिरानी देवी हरिजन बालिका प्राथमिक विद्यालय लखनी मुबारकपुर घोसी मऊ
2. जगाधरी बाबा आदर्श विद्या मंदिर विगह बेल्थरा रोड बलिया
3. श्री विश्वनाथ प्राथमिक बालिका विद्यालय रामडीह सराय मझौवा अम्बेडकरनगर
4. राजीव गांधी प्राथमिक विद्यालय मुबारकपुर टांडा अम्बेडकरनगर
5. आदर्श हरिजन प्राथमिक विद्यालय राज मथौली बगही तमकुही कुशीनगर
6. चौधरी चरण सिंह हरिजन प्राथमिक विद्यालय जमुना छापर भलुअनी देवरिया
7. अम्बेडकर नवोदय शिक्षा निकेतन खड्डा कुशीनगर
8. पौहारी बाबा प्राथमिक विद्यालय देवनाथपुर भैंसा बाजार गोरखपुर
9. डा0 भीम राव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान फतेपुर भटनी देवरिया
10. राधे श्याम प्राथमिक विद्यालय पकड़ घाट ढेबारी गोरखपुर।

## वन क्षेत्राधिकारी सोनल वर्मा ने वन माफिया पर की बड़ी कार्रवाई, कारवाई से लकड़ी तस्करों में मचा हड़कंप



**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**
**पैकोलिया, बस्ती।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के ग्राम एनपुर में वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सागौन के 43 पेड़ों का अवैध कटान करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम एनपुर निवासी सुभाष नारायण सिंह ने अपनी निजी भूमि पर लगे सागौन के 43 पेड़ों को कप्तानगंज निवासी ठेकेदार हरिंदर चौधरी को बेच दिया था। दोनों ने बिना किसी अनुमति के इन पेड़ों को काट दिया। जिनमें 20 पेड़ों की मोटाई 1-2 फीट थी वहीं बाकी के पेड़ 0-10 इंच तक थे। रामनगर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच किया और पाया कि आरोपियों ने वन संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन किया है। टीम में रेंजर सोनल वर्मा, वन दरोगा हरिओम पाण्डेय, वनरक्षक धर्मेंद्र यादव और बीट प्रभारी रामसागर शामिल थे। रेंजर सोनल वर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भाकियू शंकर ने 10 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को भाकियू शंकर ने हसनपुर उप जिलाधिकारी कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में संगठन से जुड़े सैकड़ों पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने एसडीएम कार्यालय हसनपुर पर किसानों से जुड़ी मांगो के निस्तारण के लिएं धरना प्रदर्शन किया है। दोपहर 11.30 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी सरदार सिंह ने की व इसका संचालन निजाम प्रधान ने किया। दोपहर करीब 2 बजे धरना स्थल पर उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी हसनपुर,चकबंदी अधिकारी हसनपुर, उपखंड अधिकारी प्रथम द्वितीय विधुत वितरण खंड हसनपुर,मुख्य गन्ना अधिकारी चीनी मिल हसनपुर, मुख्य अकाउंटेंट चीनी मिल हसनपुर, व अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खण्ड हसनपुर ने पहुंचकर किसानों से संबंधित सभी समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर समस्याओं के जल्द ही निस्तारण का भरोसा दिलाया । राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि किसी भी सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिएं आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र होता है, जिले में आधार कार्ड संसोधन के नाम पर डाकघर व अन्य संस्थाओं द्वारा जनता से अवैध उगाही की जा रही है जिसे तत्काल बंद कराया जाना चाहिए। चकबंदी प्रक्रिया को भृष्टाचार मुक्त करते हुए विभागीय कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से की गई चक आवंटन प्रकिया को निरस्त किया जाए। साथ ही बिजौरा स्थित शुगर इंडस्ट्री द्वारा कृषि भूमि में प्रदूषित पानी छोड़े जाने पर रोक लगाई जानी चाहिए। छुट्टा गौवंशीय पशुओं का स्थायी समाधान करने के साथ आवारा खूंखार कुत्तों व बंदरो की समस्या से भी निजात दिलाई जाए।विधुत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों व आम उपभोक्ताओं का लगातार शोषण किया जा रहा है जिसे हमारा संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। मुख्यमंत्री द्वारा 5 वर्ष पूर्व हसनपुर चीनी मिल के विस्तारीकरण की घोषणा की गई थी जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। अंश निर्धारण में हो रही त्रुटियों का भी त्वरित निस्तारण किया जाना चाहिए, हसनपुर तहसील को नवीन भवन में संचालित किए जाने के साथ तहसील कार्यालय में ही रजिस्ट्रार ऑफिस-पुलिस चौकी - पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय व रामपुर रोड पर एक गेट बनवाया जाए। इसके साथ ही किसानों को यूरिया लेने पर नैनो व नैनो डीएपी जबरदस्ती उन पर न थोपी जाए। इस दौरान धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से नेतराम सैनी, चौधरी धर्मवीर सिंह, राकेश रतनपुर, हरि सिंह त्यागी, नेमपाल सिंह रतनपुर, समरपाल सैनी, बबिता रानी,अशोक रानी, जरीना, पुष्पा सैनी, शेर सिंह राणा, महेश त्यागी, ओमवीर यादव, दौलतराम, रोहताश गुर्जर,राकेश चौहान,हरि सिंह प्रधान,अनिल भटनागर, हैप्पी त्यागी, चरंजीव, गुड्डू सैनी, कपिल यादव, जगदीश जाटव व सुखबीर भगत जी शामिल रहे।

## सार्वजनिक कुएं को कब्जा मुक्त करने को लेकर चौकी प्रभारी को दिया प्रार्थना पत्र

### दबंगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र, कुएं पर अवैध कब्जा कर पाटने का लगाया आरोप

**संवाददाता मंजीत शर्मा**
**पीलीभीत।** जनपद की विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत मुरादपुर थाना सेहरामऊ उत्तरी जिला पीलीभीत के निवासी मिस्टर अली पुत्र स्व0 बाबू हलवाई ने दबंगों के खिलाफ चौकी प्रभारी सुल्तानपुर को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें उन्होंने बताया कि पड़ोसी दबंग ने सार्वजनिक कुएं को अपने कब्जे में लेकर पाट लिया है,जिसे वह और ग्रामवासी कब्जा मुक्त कराना चाहते हैं, जिसको लेकर पड़ोसी उनसे रंजिश मानते हैं। इसके साथ ही आगे प्रार्थना पत्र में उन्होंने बताया कि उनके पड़ोसी अली महमद और लड़का रहीम खान निवासी उपरोक्त से पहले से कुछ कहा सुनी चल रही है। उनके सार (जानवर बांधने का स्थान) का गन्दा पानी उनकी तरफ आता है। उक्त लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं जिन्होंने सार्वजनिक कुएं को अपने घर के भीतर करके पाट लिया है। उन्होंने बताया है कि उनका लड़का 21/01/2025 तारीख को मोहल्ले में पप्पू की दुकान के पास खड़ा बात कर रहा और वहां पर काफी लोग मौजूद थे। मोहल्ले के लोगों को कहना है कि जो इन लोगों ने सार्वजनिक कुएं को अपने घर के अंदर पाट रखा है, उसको खुलवाया जाए। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और सार्वजनिक कुएं को कब्जा मुक्त किया जाए।

## मैंने अपनी कैबिनेट के साथ संगम स्नान किया, क्या केजरीवाल व उनकी टीम यमुना में कर सकती है स्नान: योगी




**नई दिल्ली, 23 जनवरी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के रण में उतरे। उनकी पहली जनसभा किराड़ी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बजरंग शुक्ला, दूसरी करोल बाग से दुष्यंत गौतम व तीसरी जनसभा जनकपुरी से प्रत्याशी आशीष सूद के पक्ष में हुई। यहां आम आदमी पार्टी व अरविंद केजरीवाल उनके निशाने पर रहे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में मैंने अपने 54 सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ प्रयागराज में संगम पर स्नान किया, क्या आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल भी अपनी टीम के साथ यमुना जी में स्नान कर सकते हैं। यमुना मैया को गंदे नाले के रूप में बदलने का अपराध करने वाले को जनता-जनार्दन की अदालत में माफी नहीं दी जानी चाहिए। सीएम ने सात-आठ वर्षों में बदले यूपी की भी चर्चा की।

दिल्ली की दुर्गति करने का सबसे बड़ा अपराधी अरविंद केजरीवाल नाम का जीव है
मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की दुर्गति करने का सबसे बड़ा अपराधी अरविंद केजरीवाल नाम का जीव है। एमडीएमसी के क्षेत्र को छोड़ दें तो शेष दिल्ली में सड़क, सीवर, स्वच्छता व पेयजल की स्थिति बदतर है। पता नहीं चल रहा कि यहां सड़क पर गड्ढा है या गड्ढे में सड़क। कूड़ा, गंदगी का ढेर पड़ा है, सीवर सड़कों पर बह रहा है। पेयजल के भीषण संकट आने पर टैंकर माफिया हावी हो जाते हैं। दिल्ली सरकार के पाप के कारण मथुरा व वृंदावन के संतों-श्रद्धालुओं को दुर्दशा उठानी पड़ती है। जब भी मां यमुना की स्वच्छता की बात आई तो केजरीवाल एंड कंपनी ने सहयोग नहीं दिया।

## महाकुम्भ में दहेज प्रथा के खिलाफ उठी आवाज



**महाकुम्भ नगर, 23 जनवरी।** महाकुम्भ-2025 के पावन अवसर पर तीर्थराज प्रयाग में आयोजित परमार्थ निकेतन शिविर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, आनंदी बेन पटेल ने उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने यहां राष्ट्रसंत पूज्य मोरारी बापू जी के श्रीमुख से हो रही श्रीरामचरित मानस कथा का भी श्रवण किया। इस अवसर पर आनंदी बेन पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके पराक्रम और साधना को नमन किया। उन्होंने कहा कि महापुरुष अपने कार्यों और विचारों से सदैव जीवंत रहते हैं।

**राज्यपाल का समाज सुधार पर संदेश**
राज्यपाल ने बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन पर जोर दिया। उन्होंने बेटियों के स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही, दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

**पूज्य बापू का ज्ञान मार्ग**
राष्ट्रसंत मोरारी बापू ने श्रीरामचरित मानस के माध्यम से श्रद्धा और आस्था का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कथा, धर्म और परमार्थ का गूढ़ अर्थ प्रदान करती है। मलूकपीठाधीश्वर श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने कहा कि श्रीरामचरित मानस, श्रीराम का सजीव चरित्र है। उन्होंने पूज्य बापू की कथा को सत्य, प्रेम और करुणा का संगम बताया।स्वामी चिदानंद सरस्वती जी ने नेताजी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सत्संग और कथा मन की गुलामी से आजादी प्रदान करती है।

## महाकुम्भ में वाटर एटीएम से बटन दबाते ही मिल रहा फ्री आरओ पानी




**23 जनवरी, महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में सनातन के महापर्व महाकुम्भ का दिव्य भव्य आयोजन चल रहा है। देश भर से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ में संगम स्नान करने हर दिन आ रहे हैं। अब तक 10 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में मेला प्रशासन और अन्य सभी विभाग व्यवस्था और सुविधाएं उपलब्ध करवाने में प्रयासरत हैं। इसी क्रम में यूपी जल निगम नगरीय ने श्रद्धालुओं को पीने के लिए आरओ वाटर उपलब्ध करवाने को 200 वाटर एटीएम लगाए हैं। इन वाटर एटीएम से महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी तरह मुफ्त शुद्ध आरओ वाटर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**बटन दबाते ही मिल रहा है वाटर एटीएम से फ्री आरओ वाटर**
महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के पीने के लिए शुद्ध आरओ पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिये मेला क्षेत्र में 200 वाटर एटीएम लगाए गये हैं। इन वाटर एटीएम से श्रद्धालु पूरी तरह मुफ्त शुद्ध आरओ वाटर पीने के लिए ले सकते हैं। ये वाटर एटीएम पूरे मेला क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टर और मंदिरों के पास लगाए गये हैं। वाटर एटीएम के बारे में बताते हुए जन निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि वाटर एटीएम को लेकर शुरूआत में आ रही सभी तकनीकि समस्याओं को दूर कर दिया गया है। अब श्रद्धालु केवल बटन दबा कर पूरी तरह मुफ्त आरओ वाटर अपनी बोतलों या बर्तनों में ले सकते हैं।

## केजीबीवी की 80 छात्राओं के कदमताल से पहली बार गूंजेगी गणतंत्र दिवस की परेड

**लखनऊ, 23 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व बदलावों का नतीजा यह है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की 80 छात्राएं इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार भाग लेंगी। ये छात्राएं लखनऊ के मलिहाबाद, चिनहट और सरोजनी नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों से चयनित की गई हैं और वे विधानभवन के सामने आयोजित होने वाली परेड में अपने अनुशासन, प्रतिभा और जोश का प्रदर्शन करती हुई नजर आएंगी।

**पहली बार परेड का हिस्सा बन रहीं केजीबीवी छात्राएं**
यह पहली बार है जब कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बन रही हैं। योगी सरकार की यह पहल उन प्रयासों का हिस्सा है जो महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं। इन छात्राओं ने पिछले 10 दिनों से लखनऊ पुलिस लाइन में कड़ी मेहनत की है, ताकि वे परेड में पूरी तरह से तैयार होकर शामिल हो सकें। उनका यह समर्पण और कड़ी मेहनत इस बात का प्रतीक है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



**बालिकाओं के लिए ही नहीं, पूरे प्रदेश के गर्व का विषय**
अपर राज्य परियोजना निदेशक श्रीमती एकता सिंह ने कहा कि केजीबीवी की बालिकाओं का गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेना केवल उनके लिए ही ऐतिहासिक क्षण नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेशवासियों के लिए गर्व का क्षण होगा। विभाग ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि हर बेटी को शिक्षा का समान अवसर मिले और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया जाए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की इन छात्राओं की परेड में भागीदारी यह साबित करती है कि सरकार की योजनाओं से बालिकाओं का आत्मविश्वास और उनका प्रदर्शन बढ़ा है।

# आई.जी.पी. करनाल की अध्यक्षता में ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने सील किए गए मादक पदार्थों को किया नष्ट

## जिला पुलिस करनाल, कैथल व पानीपत द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत जब्त किए गए थे सभी प्रतिबंधित मादक पदार्थ,

**करनाल बीटू संधू**



आज पुलिस महानिरिक्षक करनाल मंडल करनाल श्री शिबास कविराज भा.पु.से. के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक करनाल श्री गंगाराम पुनियां, पुलिस अधीक्षक कैथल श्री राजेश कालिया व पुलिस अधीक्षक पानीपत श्री लोकेन्द्र सिंह द्वारा ड्रग डिस्पोजल कमेटी अन्य सदस्यों के साथ करनाल रेंज के तीनों जिलों में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत पकड़े गए मादक पदार्थों (चुरापोस्त, गांजा, चरस, स्मैक, सुल्फा, सीरप, कैप्सुल, गोलियां, कैंफर, अफीम मिक्सचर, इनटाक्सीन पाउडर और हीरोइन) का नियमानुसार कार्रवाई के अंतर्गत निपटारा किया गया।

इसमें जिला पुलिस करनाल के जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2024 तक के एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दर्ज कुल 105 मामलों में पकड़े गए, 682.159 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ व 1,22,777 कैप्सुल और 02,49,095 नशीली गोलियां शामिल थी, जिनकी किमत लगभग 04,98,14,291 रुपए है। इसके अलावा इसमें जिला पुलिस पानीपत द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दर्ज 112 मामलों में 318.841 किलोग्राम मादक पदार्थ व 5920 नशीले इन्जैक्शन जिनकी किमत लगभग 96,05,720 रुपए और जिला पुलिस कैथल द्वारा दर्ज 36 मामलों में पकड़े गए 81.483 किलोग्राम प्रतिबंधित नशीले पदार्थों जिनकी किमत लगभग 86,00,138 रुपए है को नष्ट किया गया।

श्री शिबास कविराज की अध्यक्षता में व कमेटी की निगरानी में माननीय न्यायालय से फैंसलाशुदा मामलों में जब्त प्रतिबंधित मादक पदार्थों का गांव बजीदा जाटान स्थित वेस्टेज फैक्ट्री में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नष्ट किया गया।

# महान राष्ट्रवादी एवं स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक थे, नेताजी सुभाषचंद्र बोस : डॉ रामपाल सैनी

**करनाल सुखविंदर सोही**



**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने उनकी तस्वीर पर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। प्राचार्य डॉ रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को बताया कि नेता जी भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल हैं जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में महानायक की भूमिका निभाई। उन्होंने बर्लिन में स्वतंत्र भारत केन्द्र की स्थापना की और आजाद हिन्द फौज का गठन कर ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। प्राचार्य ने कहा कि उनकी स्वतंत्रता, राष्ट्रभक्ति के लिए उनके संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके दिए नारे तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ने देश के राष्ट्र प्रेमियों को हौसला दिया जो बाद में स्वतंत्रता सेनानीयों को प्रतिबद्धता, कर्तव्य ओर जिम्मेदारी का अहसास कराता रहा। उन्होंने कहा कि मां भारती के वीर सपूत, महान देशभक्त, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें हम कोटि-कोटि नमन करते हैं। प्राचार्य ने एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों को बताया कि अनुशासन, समाजसेवा, राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति की भावना का विकास देश को मजबूत करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर डॉ पुनम वर्मा, डॉ लवनिश बुद्धिराजा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ बलराम शर्मा, पुस्तकालयाध्यक ?

# सदर बाजार क्षेत्र में डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफतार

**करनाल सुखविंदर सोही**
**करनाल।**



06/07.01.2025 की रात को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सदर बाजार पुलिस चौंकी के क्षेत्र में स्थित एक घर में घुसकर डराकर डकैती की वारदात का मामला रिपोर्ट हुआ था। जिला पुलिस द्वारा मुदई की शिकायत पर थाना शहर करनाल में अज्ञात आरोपीयों के खिलाफ डकैती की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। निरीक्षक सतबीर सिंह द्वारा स.उप निरीक्षक प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में टीम का गठन कर मामले की जांच शुरू की व कड़ीयों को जोड़ते हुए उनकी टीम द्वारा दिनांक 17.01.2025 की शाम को आरोपी..... 1. हाशियार सिंह उर्फ भगत पुत्र रामस्वरूप वासी गली नं0-04, लवकुश कालोनी हांसी रोड़, करनाल और 2. अजय पुत्र बग्गी वासी चांद सराय, मंगल कालोनी, डेहा बस्ती, करनाल को लवकुश कलोनी करनाल से गिरफतार किया गया।

उप पुलिस अधीक्षक शहर, करनाल श्री राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18.01.2025 को दोनों आरोपीयों को माननीय अदालत से 05 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया व दौराने रिमांड आरोपीयों के कब्जे से करीब आधा किलोग्राम चांदी के आभुषण, एक सोने की चेन व नकदी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपीयों द्वारा अपने अन्य साथीयों के संबंध में भी खुलासा किया गया है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए भी निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिन्हें भी बहुत जल्द गिरफतार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

# बाबू मूलचंद जैन औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान में मनाया गया पराक्रम दिवस, नेता जी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

**करनाल सुखविंदर सोही**



बाबू मूलचंद जैन औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे वीर सिपाही थे, जिनके अदम्य साहस को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हमें ऐसे वीर, साहसी और त्यागी के आदर्शों को जीवन में अपनाते हुए संघर्ष करने के लिए तैयार रहना चाहिए। राकेश भाटिया वीरवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए उपस्थित छात्र व छात्रों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर स्टाफ सहित सभी ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस को नमन किया।

प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने कहा कि यह दिन हमें नेता जी के बलिदान, उनके दृढ़ संकल्प और उनकी देश प्रेम की भावना की याद दिलाता है। नेता जी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के इतिहास से भी अवगत करवाते हुए कहा कि हमें उनके अदम्य साहस से प्रेरणा लेते हुए देश के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नेता जी का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। 24 वर्ष की आयु में उन्होंने आईसीएस ज्वाइन की, जिसे आज आईएएस कहा जाता है, परन्तु देश हित में इस उच्च पद से इस्तीफा देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने का फैसला लिया। उन्होंने नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इस नारे से प्रभावित होकर बडी संख्या में युवाओं ने आजाद हिन्द फौज में शामिल होकर नेता जी का सहयोग किया। उनका बलिदान, देश सेवा तथा समर्पण भाव हर नागरिक के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

# सड़क सुरक्षा नियमों व कानूनों का पालन करना जरूरी:- रेनू सिलग




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** नेहरू युवा केंद्र करनाल और माय भारत द्वारा जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 17 जनवरी से 23 जनवरी, 2025 तक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करना था। जिसके तहत आज दिनांक 23 जनवरी 2025 को नेहरू युवा केंद्र करनाल एवं माय भारत के युवा स्वयंसेवकों ने करनाल शहर में अंबेडकर चौक, कुंजपुरा रोड, हॉस्पिटल चौक और सेक्टर 12 के चौक पर जाकर यातायात पुलिस के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। नेहरू युवा केंद्र करनाल की जिला युवा अधिकारी ने बताया कि 17 जनवरी से 23 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया है। इसी के तहत स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें सर्दी के मौसम में वाहन ध्यानपूर्वक चलाना चाहिए। युवाओं ने बताया कि हम सुरक्षित तो पूरा परिवार सुरक्षित इस मानसिकता के साथ वाहन चलाकर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचे। जागरूकता अभियान में 18 वर्ष पूर्व बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, घायलों की सदैव मदद करने, इमरजेंसी वाहनों को रास्ता देने, यातायात सिंग्नल तथा संकेत का पालन करने, वाहनों के पीछे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाने के साथ -साथ सदैव यातायात नियमों का पालन करने के लिए जन जागरूक किया। यदि कोहरा पड़ रहा है तो रिफ्लेक्टर टेप वाहनों पर लगाने चाहिए क्योंकि यह दूर से चमकता है और हादसा होने से बचाव करता है। इसके अलावा सड़कों पर लगाई गई सफेद पट्टी के अनुसार ही वाहनों को चलाना चाहिए। उन्होंने लोगों से आवाहन किया कि सड़कों पर दुर्घटना का शिका।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की 10 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## विधायक जगमोहन आनंद ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

**करनाल सुखविंदर सोही**



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वीरवार को स्थानीय कर्ण स्टेडियम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की 10 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में एक वर्ष से कम आयु की 30 लड़कियों की माताओं को सम्मानित किया गया, इसके साथ ही बेटियों के नाम लोहडी भी मनाई गई। इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पानीपत की धरती से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की थी। इस संदेश पर हरियाणा ने बहुत अच्छा काम करके दिखाया है। हरियाणा में लिंगानुपात में प्रति जागरूकता आई है। जहां पहले बेटियों के पैदा होने पर खुशियां नहीं मनाई जाती थी, वहीं आज बेटियों के नाम पर लोहड़ी बनाई जा रही है। निश्चित ही समाज में लिंगानुपात के प्रति जागरूकता आई है और यह बरकरार रहनी चाहिए, इसके लिए इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है। बेटियां बेटों के बराबर है तथा पुरुषों के मुकाबले महिलाएं ज्यादा निष्ठा से कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्ष पूर्व जब बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया तब मनोहर लाल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने इस उत्कृष्ट कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य किया जिसका नतीजा हम सबके सामने हैं और आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी बेटियों के प्रति समर्पण भावना से कार्य कर रहे हैं। बेटियों के हित में नई नई योजनाएं लेकर आ रहे हैं।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुनक और सालवन गांव के लोगों से की मुलाकात, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

## मूनक गांव में सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में ग्रामीणों से की मुलाकात

**करनाल सुखविंदर सोही**



केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल गुरुवार को करनाल जिला के मुनक में स्थित सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में पहुंचे। यहां उन्होंने मुनक व सालवन गांव के ग्रामीणों से मुलाकात की और गांव के विकास कार्यों व अन्य समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान असंध के विधायक योगेंद्र राणा भी मौजूद रहे। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं को जान कर उनका निराकरण करना है और गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है ताकि लोगों को छोटी-मोटी दिक्कतों के लिये जिला मुख्यालय न जाना पड़े और उन्हें गांव में ही मूल सुविधाएं प्राप्त हो सकें। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से मिलने का दौर निरंतर जारी है। पहले चरण में लोकसभा क्षेत्र के बड़े गांवों के लोगों से मिला जा रहा है। इसके उपरांत उससे छोटे गांवों के लोगों से मुलाकात की जाएगी। तीसरे चरण में कुछ गांवों को मिलाकर बैठक की जाएगी। बता दें कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल पिछले दौरों के दौरान घरौंडा के गांव कोहंड, समालखा के चुलकाना, इंद्री हलका के गांव कुंजपुरा, करनाल के काछवा लोगों के साथ बैठक कर चुके हैं। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह के सालों पुराने आगंतुक रजिस्टर में टिप्पणी भी दर्ज की। इस मौके पर असंध के विधायक योगेंद्र राणा के अलावा एसडीएम राहुल, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, बीडीपीओ प्रशांत, मुनक के सरपंच श्रीमती फूल कुमारी, ब्लाक समिति के उपाध्यक्ष अजय कुमार, भाजपा एससी मोर्चा के जिला।

# राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने प्ले ग्राउंड में बने ऑडोटोरियम की सौगात मिलेगी



**करनाल सुखविंदर सोही**

शहर में तीन करोड़ पांच लाख की लागत से राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने प्ले ग्राउंड में बने ऑडोटोरियम की सौगात मिलेगी। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व हल्का विधायक हरविंद्र कल्याण ऑडोटोरियम का 25 जनवरी को सुबह 11 बजे को उद्घाटन कर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सुपुर्द करेंगे। जिसकी तैयारी को अधिकारियों ने अंतिम रूप दे दिया है। ये पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। यह जानकारी एसडीएम राजेश सोनी ने दी। शहर में ऑडोटोरियम की डिमांड काफी वर्षों से चली आ रही थी। जिसको हल्का विधायक व हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने उस डिमांड को पूरा कर दिया है। राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने स्कूल के प्ले ग्राउंड में ऑडोटोरियम का निर्माण शिक्षा विभाग की ओर से कराया गया है। जिस पर लगभग तीन करोड़ पांच लाख खर्च किए गए हैं। जिसमें एक वीआईपी रूम ,दो ड्रेसिंग रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, पैंट्री,पांच कमरे, शौचालय,एक बड़ा मंच बनाया गया है और तीन सौ 70 कुर्सियों की फिक्स सीटिंग लगाई गई हैं। ऑडोटोरियम में सरकारी, निजी स्कूलों व सामाजिक संस्था कार्यक्रम कर सकेंगे। बता दें कि शहर में इस प्रकार के कार्यक्रम करने के लिए कोई स्थान पर्याप्त नहीं था। एसडीएम राजेश सोनी ने बताया कि ऑडोटोरियम शिक्षा विभाग के बजट से लगभग तीन करोड़ की लागत से तैयार किया है। जिसका उद्घाटन हलका विधायक व हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण 25 जनवरी को सुबह 11 बजे करेंगे। जिसमें ऑडोटोरियम में लगभग तीन सौ 70 कुर्सियां फिक्सिंग लगाई गई हैं और अन्य सुविधा भी प्रदान की गई है।

# नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कर्ण ताल पार्क का किया औचक निरीक्षण, पार्क का भ्रमण कर उचित मेन्टेनेन्स बनाए रखने को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश।

## कर्ण ताल के म्यूजिकल फाउंटेन के संचालन और रख-रखाव का जल्द टैण्डर लगाने के भी दिए निर्देश। करनाल

**करनाल बीटू संधू**



नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने गुरूवार को शहर के मुख्य कर्ण ताल पार्क का औचक निरीक्षण किया। पार्क का भ्रमण कर उन्होंने बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले, फुटपाथ, बोलार्ड लाईटें, हाई मास्ट लाईट, घास, पेड़-पौधे, शौचालय तथा पार्क की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार मौजूद रहे। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि पार्क में समय पर घास कटाई, पौधों की देखरेख व साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। बागवानी कचरे का रोजाना उठान हो, इसे भी सुनिश्चित किया जाए। इसे लेकर कार्यालय में शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि एजेंसी से अच्छे से काम करवाएं, किसी भी समय औचक निरीक्षण किया जा सकता है।

निरीक्षण में उन्होंने पार्क के प्रवेश से लेकर आखिर तक एक-एक चीज को देखा और पार्क की उचित मेन्टेनेन्स बनाए रखने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्क में लगी लाईटें ठीक रहनी चाहिएं। अगर खराब हो तो उसे तुरंत दुरूस्त करवाया जाए। ओपन एयर जिम के उपकरण व सभी झूले ओके कंडीशन में रहने चाहिएं। बाउंडरी वाल व शौचालय के साथ लगती दीवार पर पेंटिंग करवाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राजा कर्ण की विशाल प्रतिमा पर सुंदर पेंट करवाया जाए। सुरक्षा की दृष्टिद्द से पार्क में रात्रि के समय होमगार्ड की ड्यूटि लगाई जाए।

उन्होंने पार्क में मौजूद म्यूजिकल फाउंटेन का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि इसके संचालन और रख-रखाव (ओ एंड एम) का टैण्डर

# 76 वें गणतंत्र दिवस दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, फहराएंगे झंडा

## गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में, कल होगा फाईनल रिहर्सल का आयोजन

**करनाल सुखविंदर सोही**



वें गणतंत्र दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में है। शुक्रवार को फाईनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। फाईनल रिहर्सल में उपायुक्त उत्तम सिंह झंडा फ हराएगे। कार्यक्रम में सम्पूर्ण परेड का नेतृत्व आईपीएस अधिकारी (एएसपी) हर्षित गोयल करेंगे। इस बार 76 वें गणतंत्र दिवस दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे और झंडा फ हराएगे। यह जानकारी एसडीएम अनुभव मेहता ने दी। वह वीरवार को स्थानीय पुलिस लाइन में रिहर्सल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमों का चयन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान पुलिस, होमगार्ड तथा पीटी शो के बच्चों ने जमकर अभ्यास किया। प्रथम व महिला पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व पीएसआई ज्योति छोक्कर, हरियाणा पुलिस की दूसरी टुकड़ी का नेतृत्व पीएसआई विपिन्न तथा तीसरी व होमगार्ड की टुकड़ी का नेतृत्व एसआई शमशेर ने किया और परेड का नेतृत्व आईपीएस अधिकारी (एएसपी) हर्षित गोयल ने किया। इस दौरान विभिन्न विभिन्न राजकीय स्कूलों के लगभग 1200 बच्चों ने पीटी शो की रिहर्सल की। डंबल व लेजियम के बच्चों ने भी जमकर अभ्यास किया। कनिका पब्लिक स्कूल और नीलोखेड़ी गुरुकुल के बच्चों ने सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति दी। इस दौरान दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, प्रकाश पब्लिक स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल और ओपीएस विद्या मंदिर के बच्चों ने देशभक्ति पर आधार ?

# कोई भी बच्चा एल्बेंडाजोल की दवा खाने से छूटने ना पाए:जिलाधिकारी

## जनपद में 10 फरवरी 2025 को आयोजित होगा कृमि मुक्ति दिवस, सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश

(झांसी

जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के संबंध में बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में 10 फरवरी 2025 से 01 वर्ष से लेकर 19 वर्ष से कम उम्र के किशोरों और किशोरियों एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलायी जाएगी। जनपद में 9,33,300 किशोर/किशोरियों को दवा खिलाई जाने का लक्ष्य है, इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि दवाओं का समय से वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दवा स्कूल में ही खिलायी जाए, उनके अभिभावकों को किसी भी दशा में दवाई ना दी जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आशा, आंगनवाडी कार्यकत्री दस्तक अभियान के दौरान घर-घर जाती हैं वह भी अभिभावकों को जागरूक करें कि बच्चों को 10 फरवरी 2025 के दिन बच्चों को अवश्य स्कूल भेजें ताकि उन्हें दवाई खिलाई जा सके।उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भी जागरूक किया जाए कि दवा खाने से बच्चों के पेट में जो कीड़े हैं वह मर जाते हैं और बच्चा जो खाना खाता है जिससे उसका शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में घुमंतु परिवार के बच्चों सहित क्रेशर तथा कंस्ट्रक्शन साइट पर रह रहे परिवार के बच्चों पर भी फोकस करते हुए, उन्हें दवा खिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए।



जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि अभियान में इस वर्ष शत-प्रतिशत बच्चों को दवा खिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने माइक्रो प्लान के अनुसार ही कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में कम बच्चों को दवा खिलाई गई उस क्षेत्र अधिक फोकस करते हुए एमओआईसी स्वयं बच्चों को दवा पिलाई जाना सुनिश्चित करें।

जनपद में अभियान का शुभारंभ 10 फरवरी 2025 को बच्चों को दवा खिलाते हुए किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश सभी प्राइवेट स्कूल एवं कॉलेजों के प्रिंसिपल को दें। दवा विद्यालय में खिलायी जाएगी।उन्होंने कहा इस अभियान को सफलता पूर्वक चलाया जाना है, निश्चित प्रोफॉर्मा बनाकर कार्य करें औपचारिकता न निभाएं।

कृमि मुक्ति कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के समस्त स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाए तथा सभी लक्षित बच्चों को दवा खिलाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल निजी स्कूल कॉलेज जो दवा खिलाने में लापरवाही अथवा आनाकानी करते हैं उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने उपस्थित निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य को ताकीद करते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए उन्हें दवा खिलाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की शिकायत प्राप्त होने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जिला स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक में नोडल अधिकारी डॉक्टर रमाकांत स्वर्णकार ने बताया कि अभियान में जनपद के समस्त लक्षित बच्चों को दवा खिलाए जाने के लिए माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करते हुए शत प्रतिशत बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा। डॉ रमाकांत स्वर्णकार ने बताया कि 01 से 02 वर्ष के बच्चों को आधा गोली पीसकर खिलाया जाना है, इसके साथ ही 02 से 03 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली पीसकर खिलाई जानी है। इसके अतिरिक्त वर्ष 03 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली चबा-चबा कर खानी होगी तथा इसके उपरांत अधिक से अधिक पानी पीना अनिवार्य है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पांडेय, मुख्य चिकित्सक अधीक्षक डॉ0पीके कटियार, मुख्य चिकित्सक अधीक्षक पुरुष डॉ0 नारायण,डाक्टर राजीव भदौरिया,डा0 उत्सव राज, डीआईओएस श्रीमती रति वर्मा, बीएसए विपुल शिव सागर सहित संबंधित अधिकारी एवं विद्यालयों के व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मेरा संविधान-मेरा गौरव विषय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बबीना।** इंडियन पब्लिक इंटर कॉलेज बबीना में मेरा संविधान ,मेरा गौरव विषय पर कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी बबीना के तत्वाधान में किया गया इस अवसर पर मुख्य तिथि के रूप में बबीना मंडल अध्यक्ष डॉ शिखा साहू जी , विशिष्ट अतिथि का रुप में महामंत्री श्री मनोज साहू (एम ई एस कॉन्ट्रैक्टर ) एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल बबीना के नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता जी मौजूद रहे द्य विद्यालय प्राचनाचार्य श्री नरेंद्र अरोड़ा एवं श्री मति प्रीति अरोड़ा जी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक वर्षा पटेरिया, रीना परिहार ,सुमन प्रजापति ,दयाचंद दिवाकर ऋषि विद्योतमा साहू ,सायरा बानो, सुशीला शेरिंग ,उजाला यादव,सीमा साहू ,मोनिश मंसूरी,भूमिका यादव,वंशिका,आशु,सत्यम साहू ,नीरव ,ध्रुव,संस्कार झा ,निहाल अहिरवार मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय उप-प्रधानाचार्य बृजेंद्र साहू द्वारा किया गया

### बृद्ध आश्रम में वितरित की राशन सामग्री

**गुरसरांय (झाँसी )**।सामाजिक संस्था प्रगति विचारधारा फाउंडेशन की टीम मेम्बर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष अपने जन्म को विशेष रूप से गरीब अशहाय लोगों के बीच खुशियों को बांट कर मनाया।प्रगति विचारधारा फाउंडेशन की टीम मेम्बर प्रगति शुक्ला एव दिव्या शुक्ला ने अपने अपने जन्म जन्म दिन को प्रतिवर्ष अनोखे रूप से मनाती चली आ रही है उन्होंने जीव आश्रय समिति की अध्यक्ष मिनी खरे के सहयोग से सड़कों पर घूमने वाले आवारा जानवरो गाय,कुत्ता,आदि को दूध चावल,रोटी,आदि का वितरण कराया ।इस मौके पर नितिन मोदी आश्रम संचालक जितेंद व्यास,अतुल दीक्षित आदि मोजुद रहे।

### पार्षद सुमंत सोनी स्वर्णकार संघ के नगर अध्यक्ष बनने पर समाज में दौड़ी खुशी की लहर



**गुरसरांय (झांसी)।** नगर पालिका परिषद गुरसरांय के पार्षद और हमेशा समाज सेवा में समर्पित सुमंत सोनी को अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ का गुरसरांय नगर का अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी उर्फ राजू सिंगर वाले ने मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर सुभाष बाबू सोनी उर्फ बंटे,दीपू सोनी ,आनंद सोनी,जयप्रकाश सोनी बरसैया (पत्रकार), नीतेश सोनी (पत्रकार), प्रवीण सोनी, मुकेश सोनी, राजू पिपरा वाले, प्रशांत सोनी,राजेश सोनी, रमाशंकर सोनी, सुनील सोनी (कल्लू डिस्क वाले), रविंद्र कुमार सोनी, राम प्रकाश सोनी उर्फ वल्लू कक्का, मुकेश सोनी, राकेश सोनी,रवींद्र बरसैया, जगदीश सोनी, छोटे सोनी, सत्य प्रकाश सोनी उर्फ मुन्नू, मुकेश सोनी,प्रवीण सोनी,जगमोहन सोनी,राजकुमार,रमाशंकर सोनी एड.,नरेंद्र कुमार सोनी,चुनचुल, विजय सोनी,अवधकिशोर सोनी, लक्ष्मी नारायण सोनी,चंद्रमणि कौशल आदि लोग उपस्थित रहे तथा आभार व्यक्त राजकुमार सोनी उर्फ राजू ने व्यक्त किया।

### मन प्रबंधन से उत्कृष्ट प्रशासन विषय को लेकर राज्य स्तरीय यह अभियान गुरसरांय पहुंचा



**गुरसराय ।**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रशासनिक विंग भोपाल जोन द्वारा मन प्रबंधन से उत्कृष्ट प्रशासन विषय को लेकर राज्य स्तरीय यह अभियान गुरसराय पहुंचा ।कार्यक्रम का शुभारंभ बी के चित्रा दीदी केंद्र प्रभारी मऊरानीपुर, बी के रीना दीदी केंद्र प्रभारी ब्लेसिंग हाउस भोपाल, बी के कविता दीदी केंद्र प्रभारी गुरसरॉय, बी के पूजा दीदी , बी के राहुल भाई ,बी के राम जी भाई,मेजर अखिलेश पिप्रैया , रामकुमार परिहार प्रधानाचार्य जैन स्कूल , पंकज कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलं कर एवं सभी को स्वागत बैच, तिलक लगाकर किया गया द्य सर्वप्रथम बी के राहुल भाई द्वारा संस्था द्वारा दी जा रही हर प्रकार की सेवाओं का विस्तृत परिचय दिया गया द्य उन्होंने कहा फ*देखो तो ख्वाब है जिंदगी, पढ़ो तो किताब है जिंदगी, सुनो तो ज्ञान है जिंदगी मगर मुस्कुराओ तो आसान है जिंदगीद्यफ* कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रही बी के डॉ रीना दीदी जी ने बताया आध्यात्मिकता और सकारात्मक सोच से किस प्रकार नेतृत्व और प्रबंधन को उन्नत किया जा सकता है ।आज के समय में जब तनाव, दबाव और अव्यवस्था प्रशासनिक क्षेत्र में बड़ी चुनौती बन चुके हैं, ऐसे में मन की स्थिरता और आंतरिक शक्ति का विकास अत्यंत आवश्यक हो जाता है। बल्कि विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों, सेमिनार और कार्यशालाओं के माध्यम से इन मूल्यों को समाज तक पहुँचाने की आवश्यकता है द्य उन्होंने आगे कहा अपने घर और ऑफिस दोनों को ही परिवार समझ एक दूसरे से जब भी मिले तो स्नेह और खुशी का संचार करे द्य साथ ही बी के रिचा दीदी एवं बी के राहुल भाई द्वारा जीवन मे हर समय सदा वाह वाह करना सिखाया

मेजर अखिलेश पिप्रैया जी द्वारा दीदी का आभार व्यक्त किया गया द्य उन्होंने कहा बी के रीना दीदी जी के रूप मे हमारे बीच बहुत ही विशेष आत्मा आये है जो अपने गहन ज्ञान और अनुभव से प्रशासनिक अधिकारियों को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। वहीं बी के राम जी भाई, राहुल भाई की सादगी और समर्पण से प्रेरित होकर लोग न केवल व्यक्तिगत जीवन में बल्कि व्यावसायिक क्षेत्र में भी संतुलन बनाने की प्रेरणा ले सकते है द्य अन्त मे सभी आये हुए विशेष भाई बहनो का सम्मान कर आभार, व्यक्त कर सभी को टोली बाटकर कार्यक्रम का समापन किया गया द्य इस कार्यक्रम मे अनेकानेक भाई बहनो ने भाग लिया और लाभ लिया।

# गुरसरांय नगर के वार्डों में गंदगी और कमियां मिलने पर भड़के उपजिलाधिकारी



गुरसरांय (झांसी)

उपजिलाधिकारी गरौठा अवनीश कुमार तिवारी लगातार गुरसरांय नगर पालिका के वार्डों का निरीक्षण कर रहे है। इसी क्रम में 22 जनवरी बुधवार को दोपहर को उपजिलाधिकारी गरौठा अवनीश कुमार तिवारी नगर पालिका गुरसरांय के वार्ड नंबर 3 और 4 के गली-मोहल्लों तक पहुंचे। नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर सफाई व्यवस्था की हकीकत जानी और खामियां मिलने पर उनको मौके पर दुरुस्त करवाया। उन्होंने सफाई नायक को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि आगे कमियां न मिले वर्ना सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने साफ कर दिया है कि जो कर्मचारी लापरवाही कर रहे हैं उनका वेतन रोका जाए। उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार तिवारी ने निरीक्षण के दौरान आम जनता से उनकी समस्याओं को जाना और लोगों ने नालियों की नियमित साफ सफाई न होने की बात कही और दोनों वार्डों में नाली गंदगी से भरी पड़ी मिली जिस पर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और मौके पर कर्मचारी को बुलाया और सफाई करवाई। उपजिलाधिकारी ने वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगे गलियों में भी घूमकर सफाई कार्य की जानकारी ली। इस अवसर पर नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्यापुरी प्रीमियर लीग का पहला मैच केदार ताई ने जीता



**गरौठा (झांसी)** । ग्यापुरी गरोठा में खेले जा रहे ग्यापुरी प्रीमियर लीग का पहला मैच केदार ताई एवं धनोरा के मध्य खेला गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी जिला पंचायत सदस्य जंगबहादुर सिंह द्वारा फीता काट कर दिया। धनोरा ने टास जीतकर केदारताई को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया।

केदारताई की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाए वही धनोरा की टीम 101 रन बना सकी। इस तरह केदारताई ने 5 रन से मैच जीता। दूसरा मैच का ककरवई एवं बकछार के बीच खेला गया। बकछारकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओबर में 177 रन बनाएं वहीं ककरवई की टीम 54 रन पर ढेर हो गई हो गई। साहिल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया उसने ने 63 रन बनाए तथा तीन विकेट लिए।

मैच में अंपायरिंग प्रमोद दीक्षित, दुर्गेश यादव, कमलेश ने की कमेंन्ट्री शशिकांत तिवारी आनंद वाल्मीकि व स्कोरिंग छोटू मिश्रा, योगेंद्र राजपूत द्वारा की गई। मैच के दौरान अंबिका प्रसाद मिश्रा, वीरेंद्र दीक्षित, पारथसिंह राजपूत, अरविंद कक्का, शिवम परिहार,विक्की परिहार, आदर्श गौतम, अजय चंदेल, देवेंद्र पाल, मनीष ठाकुर,गंगाराम सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर राजभवन में आयोजित 5 प्रतियोगिताओं में से दो में बुवि अव्वल

## बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी ऐसा करने वाला प्रदेश का एक मात्र विश्वविद्यालय

(झांसी

लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस-2025 पर उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों की प्रतियोगिता के मुख्य और अंतिम चरण की प्रतियोगिता के लिए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की 6 सदस्य की टीम कुलपति शुभकामना के साथ 20 जनवरी 2025 को राजभवन लखनऊ पहुंची । जहाँ 21 और 22 जनवरी को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के 4 विद्यार्थियों में महक, सुधांशु, अभिषेक और रितिका अग्रवाल नें उत्तर प्रदेश के 34 राज्य विश्वविद्यालयों के 90 प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा में सहभागिता की। सुधांसु त्रिवेदी ने कविता लेखन और महक ने निबन्ध लेखन में अपने अपने वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित किया । राज्यपाल ने विजेताओं को प्रमाण पत्र, पुस्तक और भावी जीवन के लिए शुभाशीष दिया।

राजयपाल ने सभी को सम्बोधित करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा प्रकृति के प्रति संवेदनशील कार्यों और विद्यार्थिन्मुख प्रतिस्पर्धाओं के बारे में जानकारी लिया ,और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस टीम को कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय द्वारा अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर मुन्ना तिवारी और डॉ. शैलेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में राजभवन भेजा गया था ।

उत्तर प्रदेश के 34 विश्वविद्यालयों में एक मात्र बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी का दो प्रतियोगिता में प्रथम प्राप्त करने पर तथा राजभवन में उपलब्धि हासिल होने पर कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय,कुलसचिव विनय कुमार सिंह तथा विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों,व शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों तथा पूरी टीम को बधाई , शुभकामनाएं प्रेषित की। विश्वविद्यालय में हर्ष का वातावरण व्याप्त है ।

## मनोनयन

**झांसी।** जिलाध्यक्ष की संस्तुति पर मनोनित किया जाता है - 1. सोनू ठाकूर पुत्र श्री सूरज सिंह निवासी समृद्धि रेजिडेंसी, अयोध्यापुरी, ग्वालियर रोड, झाँसी (बुन्देलखण्ड) - 284002 मो0 नं0 9140891875 को बुन्देलखन्ड मुक्ति मोर्चा में जिलामंत्री (युवा प्रकोष्ठ) पद पर । 2. कुनाल पचौरी पुत्र श्री नरेश पचौरी निवासी 190, नरसिंहराव टौरिया, झाँसी (बुन्देलखण्ड) 284002 मो0नं0 7860887960 को बुन्देलखन्ड मुक्ति मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) पद पर । 3. गौरव बंसल पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश बंसल निवासी 126 न्यू रायगंज, खालसा स्कूल, सीपरी बाजार, झाँसी (बुन्देलखण्ड) - 284003 मो0नं0 9807660601 को बुन्देलखन्ड मुक्ति मोर्चा में जिलामंत्री (युवा प्रकोष्ठ) पद पर । 4. सनी तोलानी पुत्र श्री नरेश तोलानी निवासी बी14, बालाजी ग्रीन सोसाइटी, फिल्टर रोड, झाँसी (बुन्देलखण्ड) 284002 मो0नं0 7905939408 को बुन्देलखन्ड मुक्ति मोर्चा में जिलामंत्री (युवा प्रकोष्ठ) पद पर । 5. सिद्धार्थ नगरिया पुत्र श्री सुनील नगरिया निवासी 209, झोकनबाग, सिविल लाईन, झाँसी (बुन्देलखण्ड) - 284002 मो0नं0 9811579690 को बुन्देलखन्ड मुक्ति मोर्चा में जिला कोषाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) पद पर ।

उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। आप सभी से अपेक्षा है की जाती है कि आप लोग अधिक से अधिक बुन्देलखण्ड क्षेत्र के युवाओं को पृथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण आंदोलन से जोड़कर आंदोलन को गति प्रदान करेंगे। साथ ही साथ बुन्देलखण्ड क्षेत्र में बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कराने हेतु प्रेरित करेंगे।

# शिक्षक पर जानलेवा हमले से शिक्षको में रोष

झांसी



बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोशियेशन की महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रसकेंद्र गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रसकेंद्र गौतम ने कहा कि शिक्षक साथी सलिल जैन पर चिरगांव बीच बाजार में प्राण घातक हमला हुआ,लेकिन अभी तक पुलिस ने दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया, चिरगांव पुलिस ने अगर जल्द दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो चिरगांव थाने का घेराव किया जाएगा।

बैठक में प्रदीप कुशवाहा,सुनील गुप्ता,प्रांजल नागर,हिमांशु अवस्थी,श्यामाकांत पाण्डेय,रंजीत यादव, विपिन त्रिपाठी, रोहित निरंजन, पवन त्रिपाठी,नीरज चाउदा,मिथुन कुमार, आनंद कुशवाहा, आशीष राजपूत, मुकेश कुशवाहा, अश्वनी, अमित शर्मा, अतुल दीक्षित, आशुतोष पांडे, दीपक सोनी, गौरव अग्रवाल, मुकुंद माधव, प्रदीप घोष,पवन सोनी,प्रदीप झा, राहुल सविता, रउफ मुहम्मद, प्रिंस शर्मा, असलम, मयंक पाल,शांतनु पटेल, उमाशंकर यादव,श्रद्धा गुप्ता, रेखा माहौर, अरुणा निरंजन, नीतू राजपूत, सुषमा त्रिपाठी, ऊष्मा पवार, हेमंत कुमारी,अर्चना अटल, संगीता, आदि उपस्थित रहे।

# रामलला प्रतिष्ठा पर धार्मिक कार्यक्रमों की रही धूम



**गुरसरांय (झांसी)।** आज पूरा नगर अयोध्या नगरी के रूप में भगवान राम लला के संगीतमय रामायण से लेकर सुंदरकांड और भव्यता से कई धार्मिक कार्यक्रमों के रूप में नगर के विभिन्न मंदिरों धार्मिक स्थलों से लेकर कई विद्यालयों में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गूंज रही बताते चलें अयोध्या में राम लला प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर नगर के विभिन्न मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ आयोजित किए गए एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

बाजार के हनुमानजी मंदिर पर एवं रेंज चौराहे के पास संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया एवं रेंज चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर राजू पाठक ग्राम प्रधान आमली,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल, सुबोध पटेल, डायरेक्टर सहकारी बैंक ,कैलाश प्रकाश गुप्ता ,भगवत नारायण नगरिया, रानू तिवारी,देवेंद्र घोष आदि मौजूद रहे।वही गुरसरांय के ऐतिहासिक तालाब माता मंदिर पर भव्यता के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर विशाल प्रसाद वितरण किया गया और भगवान राम की आरती की गई। इस कार्यक्रम में नगर व बुंदेलखंड क्षेत्र के अखिल भारतीय गायत्री परिवार के प्रमुख और राम सेवा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सतीश चंद्र चौरसिया, अवधेश सिंह फौजी,प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव, रामनारायण पस्तोर, बद्री प्रसाद त्रिपाठी,आत्माराम फौजी,अभय प्रताप सिंह उर्फ छोटू अस्ता,रामजी अग्रवाल, केशवेन्द्र प्रताप सिंह,खन्ना त्रिपाठी, पवन स्वामी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

CMYK

महाकुम्भ-2025



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के दौरान संगम पर कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने से पहले संगम में पवित्र स्नान करते हुए।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने लगाई महाकुम्भ में डुबकी

# प्रयागराज विकास क्षेत्र बनेगा, मिर्जापुर से प्रयागराज तक एक्सप्रेस-वे बनेगा

प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में महाकुम्भ त्रिवेणी संकुल पर हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जनहित के कई बड़े फैसले लिए गए। इसके तहत प्रयागराज रीजन डवलपमेंट की स्थापना होगी, जिसके तहत आसपास के जिलों को मिलाकर उनका सुनियोजित विकास कराया जाएगा। पश्चिमी क्षेत्र के बागपत, हाथरस और कासगंज जिलों में मेडिकल कालेजों का निर्माण होगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम अपने बांड जारी कर सकेंगे, जिससे निगमों की वित्तीय हालत में सुधार हो सकेगा। साथ ही मीरजापुर से प्रयागराज छह लेन का एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा। बैठक के बाद मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने संगम में डुबकी लगाई। महाकुम्भ में बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों को बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पीपीपी मोड पर बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कालेजों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। जल्द ही उन पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बलरामपुर में अटल जी के नाम से केजीएमयू का सेंटर बनेगा। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम बांड जारी कर सकेंगे। अब तक लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगम के लिए ही बॉन्ड जारी किये जा रहे हैं। प्रयागराज के लिए एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बांड जारी होगा। काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद काशी वैश्विक पटल पर छा रहा है। उन्होंने बताया कि वाराणसी-विंध्य को एक डेवलेपमेंट रीजन बनाने की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जायेगा। इससे यहां के न केवल पर्यटन की दृष्टि से यहां पर रोजगार के सृजन में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा। चित्रकूट और प्रयागराज को भी गंगा एक्सप्रेस के साथ जोड़ने की कार्यवाही हो रही है। प्रयागराज में यमुना नदी पर सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर एक नए पुल के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति मिली।

#### डिफेंस पॉलिसी नए सिरे से बनेगी

मुख्यमंत्री ने बताया कि खासतौर पर प्रदेश के जो महत्वपूर्ण मामले हैं, उनमें डिफेंस से संबंधित जो पॉलिसी पर भी विचार हुआ है। मौजूदा डिफेंस पॉलिसी 2018 में बनी थी, उसे नए सिरे से बनाए जाने के बारे में चर्चा हुई है। साथ ही एफडीआई के अंतर्गत जो-जो निवेश प्रदेश में हुआ है, उस पर भी विचार हुआ है। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्मार्ट फोन और टेबलेट उपलब्ध कराने के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है।

#### पांच प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे

टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश के 62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को उच्चीकृत किया जाएगा। इसके अलावा पांच सेंटर फॉर इनोवेशन, इवेंनशन, इन्क्यूबेशन एंड ट्रेनिंग की स्थापना किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। उप्र औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी की आद्योगिक इकाइयों हेतु विशेष सुविधाएं एवं रियायतें दिए जाने के प्रस्ताव को प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके अलावा एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति के तहत मेसर्स अशोक लीलैंड को आवंटित भूमि के लिए यूपीसीडा को दिए जाने वाली सब्सिडी धनराशि के भुगतान के बारे में इम्पावर्ड कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

#### एक्सप्रेस-वे का बिछेगा जाल

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस महाकुम्भ को ध्यान में रखकर प्रयागराज के साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र का सांस्कृतिक दृष्टि से विकास किया गया, वह प्रधानमंत्री का विजन है। गंगा एक्सप्रेस-वे प्रयागराज से मिर्जापुर और मिर्जापुर से संत रविदास नगर होते हुए काशी, चंदौली और गाजीपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में जुड़ेगा। इसके अलावा वाराणसी और चंदौली से मिनी एक्सप्रेस-वे सोनभद्र को जोड़ते हुए नेशनल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा।

## केजरीवाल को थूंक कर चाटने की आदत

कांग्रेस के नेता अजय माकन ने कहा कि केजरीवाल को थूंक कर चाटने की आदत है। वह नेताओं पर झूठे आरोप लगाते हैं...

इंडिया गेट से



अजय सेतिया की कलम से

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, अरविंद केजरीवाल अपने ही बुने जाल में फंसते जा रहे हैं। उनके सामने चुनाव लड़ रहे भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल और भगवंत मान पर 100 करोड़ का मुकदमा ठोक दिया है। इन दोनों ने प्रवेश वर्मा के बयान को ट्विस्ट कर के पंजाबियों का अपमान बता दिया था। जबकि, प्रवेश वर्मा ने दिल्ली में घूम रही पंजाब के मंत्रियों और अफसरों की कारों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि गणतंत्र दिवस के मौके पर सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। प्रवेश वर्मा ने यह बयान दिल्ली पुलिस की ओर से पंजाब पुलिस को भेजी गई चिठ्ठी के बाद दिया था। पर, केजरीवाल और भगवंत मान ने इसे पंजाबियों का अपमान बता कर चुनावी दांव चल दिया। इससे पहले संदीप दीक्षित भी चुनाव आयोग को शिकायत कर चुके हैं कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में पंजाब सरकार के धन बल का जम कर इस्तेमाल हो रहा है। नए तरह की राजनीति करने आए केजरीवाल दिल्ली के चुनाव में पंजाब सरकार का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। केजरीवाल पर अब तक जितने भी मुकदमे हुए, उनमें ज्यादातर झूठ बोलने पर मानहानि के मुकद्दमे थे। करीब करीब सभी पर बाद में केजरीवाल ने माफी मांग ली थी। इसी का जिक्र करते हुए कांग्रेस के नेता अजय माकन ने कहा कि केजरीवाल को थूंक कर चाटने की आदत है। वह नेताओं पर झूठे आरोप लगाते हैं और बाद में जब मुकदमा होता है तो माफी मांग लेते हैं। वह सभी राजनीतिक दलों के नेताओं पर झूठे आरोप लगा चुके हैं और सभी से माफी मांग चुके हैं। अजय माकन ने सार्वजनिक तौर पर दोहराया है कि वह केजरीवाल के देशद्रोही होने के मुद्दे पर जल्द ही पत्रकार वार्ता करेंगे। वह पहले भी पत्रकार वार्ता करने वाले थे, लेकिन उन्हें राहुल गांधी ने रोक दिया था। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि उन्हें केजरीवाल पर खुल कर हमला करने की इजाजत मिल गई है। पिछले हफ्ते ही कांग्रेस के उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने आतिशी मार्लेना और संजय सिंह पर 10 करोड़ का मुकदमा ठोका था। इन दोनों ने संदीप दीक्षित पर भाजपा से पैसा लेने का आरोप लगाया था। प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल पर ताज़ा मुकदमा भी उनके झूठ बोलने पर ठोका है। केजरीवाल पिछले तीनों चुनाव झूठ बोल बोल कर जीते। उन्हें लगता है कि काठ की हांडी इस बार फिर चढ़ जाएगी। चुनाव जीतने के लिए उन्होंने इस बार भी प्रशांत किशोर को ठेका दिया है। प्रशांत किशोर की कंपनी के वर्कर हर रोज जनता के बीच जाकर खोज कर लाते हैं कि कौन सा तबका उनके खिलाफ है। फिर अगले दिन केजरीवाल उन तबकों के लिए रेवड़ियों का ऐलान करते है, कुछ रेवड़ियां केंद्र सरकार के जिम्मे डाल देते हैं। पहले प्रशांत किशोर की टीम ने बताया था कि महिलाएं बहुत नाराज हैं तो उन्हें 2100 की रेवड़ी बांटी, फिर बताया कि उनकी तथाकथित विश्वस्तरीय 'कचरा स्वास्थ्य व्यवस्था' से सीनियर सिटिजन नाराज हैं तो उनके लिए स्वास्थ्य बीमा योजना की रेवड़ी बांटी, फिर बताया कि यूथ बहुत नाराज हैं तो विद्यार्थियों को फ्री बस सेवा की रेवड़ी बांटी और फ्री मेट्रो के लिए मोदी को चिठ्ठी लिख दी। अब फीड बैक आया कि मिडिल क्लास बहुत नाराज है तो मिडिल क्लास के लिए सात रेवड़ियां ले आए, लेकिन इन सातों रेवड़ियों की जिम्मेदारी मोदी पर डाल कर उन्हें चिठ्ठी लिख दी। अरे भाई तुम केंद्र सरकार से अपनी मांगों को अपना घोषणापत्र बता रहे हो, दिल्ली की जनता क्या इतनी मूर्ख है कि यह भी नहीं समझती। केजरीवाल हर रोज केंद्र सरकार को चिठ्ठी लिख कर भाजपा को घेरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अपने ही बुने जाल में फंसते जा रहे हैं। इस बीच, कैग की एक और रिपोर्ट लीक हो गई है, जो केजरीवाल के झूठे दावों और भ्रष्टाचार की पोल खोलती है। पहले शराब घोटाले की कैग रिपोर्ट लीक हुई थी, जिसमें 2026 करोड़ के घोटाले का खुलासा था। अब स्वास्थ्य संबंधी मामलों की कैग रिपोर्ट लीक हुई है। यह रिपोर्ट कहती है कि तीन अस्पतालों पर टेंडर से 382 करोड़ का ज्यादा खर्च हुआ है। टेंडर से ज्यादा खर्च होना, सीधा साधा भ्रष्टाचार है। केजरीवाल इसी लिए कैग की 14 रिपोर्टें दबा कर बैठे हैं, क्योंकि उन सब में केजरीवाल के भ्रष्टाचार का खुलासा है। केजरीवाल ने भ्रष्टाचार नहीं किया होता तो वह सदन में रिपोर्ट रखते और अपनी सफाई देते। चोर की दाढ़ी में तिनका है, इसलिए उन्होंने सदन में रिपोर्ट नहीं रखी। कैग रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि कोविड के समय केंद्र सरकार ने 653 करोड़ की ग्रांट दी थी, लेकिन इसमें से आधी से ज्यादा राशि 360 करोड़ रुपया केजरीवाल सरकार खर्च ही नहीं कर सकी, जिसे बाद में केंद्र को लौटा दिया गया। कैग की इस रिपोर्ट से साबित हो गया कि जब दिल्ली के लोग ऑक्सीजन की कमी के लिए भटक रहे थे। अस्पतालों में बैड खाली नहीं थे, लोग सड़कों पर मर रहे थे, तब केजरीवाल अपना शीश महल बनवा रहे थे और उनकी पार्टी के लोग पूर्वांचलियों को वापस उप्र-बिहार भेजने में लगे हुए थे। मोदी सरकार ने पैसा दिया वह भी खर्च नहीं कर पाए, आखिरकार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली की कमान अपने हाथ में लेनी पड़ी थी। केजरीवाल सरकार कितनी काम चोर और निक्कमी निकली कि 2016 से 2021 के बीच पांच सालों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मंजूर 2623 करोड़ रुपए का बजट लेप्स हो गया। केजरीवाल दिल्ली में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का दावा करते हैं, लेकिन दिल्ली के 27 अस्पतालों में से 50 से 74 प्रतिशत तक डाक्टर नहीं है, 73 से 96 प्रतिशत तक नर्सिंग स्टाफ नहीं है। केजरीवाल ने वादा किया था कि वह दिल्ली के अस्पतालों में 32 हजार नए बेड जोड़ेंगे, लेकिन पिछले दस साल में सिर्फ 1235 बेड नए जोड़े। इसके अलावा केजरीवाल के वर्ल्ड क्लास 27 अस्पतालों में से 16 अस्पतालों में कोई एक भी मशीन काम नहीं कर रही।

## धार्मिक प्रतीकों की रक्षा हिंदुओं का पहला कर्तव्य: अविमुक्तेश्वरानंद



ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को कहा कि धार्मिक प्रतीकों की रक्षा हिंदुओं का पहला कर्तव्य है। इनका व्यवहार ही इनकी रक्षा है। इन सभी प्रतीकों में स्वस्तिक और स्वस्ति तिलक हिन्दुओं का सर्वमान्य परम प्रतीक घोषित किए जाते हैं और आशा की जाती है कि हर हिन्दू अपने माथे पर तिलक अवश्य धारण करेगा। शंकराचार्य प्रयागराज महाकुंभ में अपने शिविर में आयोजित परमधर्म संसद को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने संतों की मौजूदगी में कहा कि किसी विचार, वस्तु अथवा सम्बन्ध का प्रतिनिधित्व करने वाली वस्तु, शब्द, चित्र या चिह्न को प्रतीक शब्द से कहा जाता है। इसलिए अमूर्त वस्तुओं को देखने और व्यवहार के लिए उनके प्रतीकों की कल्पना, स्थापना करनी होती है। जिस तरह भारत का प्रतीक चिह्न उसका तिरंगा ध्वज और चार शेर वाली मूर्ति है, जिन्हें देखकर भारत देश की स्मृति होती है। उसी तरह जिस वस्तु, शब्द अथवा चिह्न को देखकर हमें हिन्दू धर्म की याद आ जाए या बोध हो वह सब हिन्दू धर्म के प्रतीक हैं। ये प्रतीक चिह्न-रंग, पदार्थ, प्राणी, पुष्प, शस्त्र या वाद्य कुछ भी हो सकते हैं।
उन्होंने कहा कि ॐकार अकारादि अक्षर, राम कृष्णादि शब्द, स्वस्तिक त्रिकोणादि चिह्न, गाय-वृषभ-मूषक-सिंह-नाग आदि प्राणी, कमल-सुवर्णपुष्प आदि पुष्प, बिल्व-तुलसी आदि पत्र, षट्कोणादि यन्त्र, शिवलिङ्ग-देवमूर्ति -नटराज आदि मूर्तियाँ, कलश-दीपक-स्थण्डिल आदि बर्तन, ऊर्ध्वपुण्ड-त्रिपुण्ड आदि तिलक, मयूर-शुक आदि पक्षी, धनुष-बाण-पाश-अङ्कुश-गदा आदि आयुध, बद्धाञ्जलि-ज्ञानादि मुद्रा, रंगोली आदि कलाकृतियां, शिखर-गोपुरादि निर्माण, दण्ड-कमण्डलु-पादुकादि लकड़ियां, सूर्य-चन्द्र आदि ग्रह, पताका व ध्वज आदि प्रतीक, शंख-शिला आदि पदार्थ, डमरू-घंटी आदि वाद्य जैसे अनेक प्रतीक हैं।

### कुम्भ मेले में डिजिटल हुए दुकानदार



प्रयागराज में संगम किनारे दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला महाकुम्भ 13 जनवरी से शुरू हो चुका है। इस बार महाकुम्भ में 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। संगम किनारे पूरे मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में पूजन सामग्री, बर्तन, वस्त्र, किराने, फल-फूल और सब्जियां, प्रसाधन सामग्री के अलावा खानपान की दुकानें खुली हैं। 25 सेक्टर में बंटे मेला क्षेत्र में हजारों की संख्या में दुकानें लगी हैं। इन दुकानों पर नकद और आनलाइन माध्यम से पेमेंट लिया जा रहा है। गौरतलब है, बड़ी छोटी दुकानों पर 70 से 80 फीसद पेमेंट आनलाइन माध्यम से आ रहा है। 15 दिन में खुले 3 हजार से ज्यादा नये एकाउंटडिजिटल पेमेंट्स और वित्तीय सेवाएं देने वाली प्रसिद्ध कंपनी पेटीएम के सेल्स प्रतिनिधि आशुतोष मिश्रा ने बताया कि पिछले 15 दिनों में हमारी टीम ने मेला क्षेत्र में तीन हजार से ज्यादा नये बिजनेस एकाउंट खोले हैं।

### संगम में तिरुपति बालाजी के दर्शन



महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दुनिया और देशभर से आए लोगों को तिरुपति बालाजी के दर्शन हो रहे हैं। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम की ओर से प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में ही बालाजी का मंदिर बनाया गया है। यहां पूजा और अन्य क्रियाकर्म उसी तरह हो रहा है, जैसा तिरुपति में होता है। गोपुरम से लेकर गरुड़ मंदिर तक, सारा इंतज़ाम तिरुपति जैसा ही किया गया है। महाकुम्भ में संगम तट पर विराजे हैं तिरुपति बालाजीमहाकुम्भ के लिए तिरुपति बालाजी ट्रस्ट की ओर से इस बार नागवासुकि सेक्टर छह में शिविर लगाया गया है। जिसमें बालाजी की आठ फीट की प्रतिमा की प्रतिकृति (रेप्लिका) रखी गई है। प्रतिमा के बायीं और उनकी पत्नी पद्मावती की स्वर्ण प्रतिमा रखी हुई हैं।

### सदा रहने वाला ब्रह्म मैं हूं, पंचभूतों का जगत मैं नहीं हूं: परमानंद गिरि



आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मप्र शासन द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ के सेक्टर 18 हरिश्चंद्र मार्ग स्थित एकात्म धाम शिविर बुधवार को वेदांत की दिव्यता और संगीत की मधुरता से भरपूर रहा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के न्यासी सदस्य युगपुरुष महामंडलेश्वर परमानंद गिरि जी ने वेदांत और उपनिषदों की गूढ़ व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सदा रहने वाला ब्रह्म मैं हूं, पंचभूतों का जगत मैं नहीं हूं। जो सभी अवस्थाओं में प्राप्त है, वही ध्यान करने योग्य है। साथ ही उन्होंने एकात्म धाम प्रकल्प की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आचार्य शंकर के अद्वैत दर्शन और उनके योगदान का अवलोकन किया। एक ओंकार साउंड्स ऑफ़ वननेस के चौथे दिवस पर सुप्रसिद्ध गायिका द्वय रंजनी गायत्री ने अपनी मधुर आवाज़ में आचार्य शंकर विरचित निर्वाण षट्कम, दक्षिणामूर्ति स्तोत्रम, आदि का गायन प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को अद्वैत के सुरों से सराबोर कर दिया। इस आयोजन में अनेक साधु-संतों की उपस्थिति ने इसे और भी विशेष बना दिया।

### जल्द शुरू होगी एक और हेलीकाप्टर सेवा



महाकुम्भ में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से भी जल्द हेलीकाप्टर सेवा शुरू की जाएगी, जिसका ट्रायल हो चुका है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में ईको टूरिज्म को शिखर पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पर्यटकों की रुचि को देखते हुए ईको टूरिज्म डेवलमेंट बोर्ड ने एक समझौत किया है। यह सेवा महाकुम्भ नगर में बोट क्लब के पास स्थित हेलीपोर्ट से संचालित होगी। पर्यटक 1296 रुपए में 7-8 मिनट तक भ्रमण करेंगे। इसकी बुकिंग बोर्ड की वेबसाइट www.upecoboard.in से की जा सकती है। हेलीकाप्टर में उड़ान के साथ ही प्रदेश के महत्वपूर्ण ईको साइट्स के बारे में विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों को बताया जाएगा।

### 9.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला अनवरत जारी है। गत 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुम्भ में 9.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान कर लिया है। यह आंकड़ा 21 जनवरी रात 8:00 बजे तक का बताया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सायंकाल तक करीब 46.81 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने में स्नान किया। इसके अलावा 10 लाख से अधिक श्रद्धालु कल्पवास कर रहे हैं। बताया गय है कि भारत की आस्था, एकात्मता, समता और समावेशिता के जीवंत प्रतीक 'महाकुम्भ-2025 प्रयागराज' में बुधवार को 46.81 लाख से अधिक एवं अब तक 9.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने माँ गंगा, यमुना एवं सरस्वती की अविरल-निर्मल धारा में पवित्र स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में पावन त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य साधु-संतों, 10 लाख से अधिक कल्पवासियों एवं 36.81 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया है।

### भारत के एक होने का शाश्वत प्रमाण है कुम्भ



महाकुम्भ केवल आध्यात्मिक लाभ या पुण्य सृजन के लिए कोई संग्रह मात्र नहीं है, बल्कि भारत के विराट रूप का दर्शन है। सभी धार्मिक मान्यताओं, पूजा-पद्धतियों आस्था और सांस्कृतिक मान्यताओं वाले लोग अपने सारे विवेक भुलाकर कुम्भ में सब एक साथ आते हैं, जो भारत की सांस्कृति ताकत का प्रतीक है।

**- गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री**

### हमले के बाद वेस्ट बैंक में हिंसा के बढ़ने का खतरा मंडराने लगा

# युद्ध विराम समझौते के बीच इस्राइल ने वेस्ट बैंक के जेनिन क्षेत्र को बनाया निशाना

एजेंसी, तेल अवीव

इस्राइल-हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्ध विराम समझौता फिलहाल लागू हो गया है, लेकिन इस बीच कब्जे वाले वेस्ट बैंक के जेनिन क्षेत्र में इस्राइली सेना ने एक बड़ा सैन्य अभियान किया है। इसमें 10 फलस्तीनियों की मौत हो गई है और करीबन 40 लोग घायल हो गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी। हालांकि मरने वालों की पहचान अभी साफ नहीं हुई है। फलस्तीनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में जेनिन क्षेत्र में मंगलवार को इस्राइली सुरक्षा बलों ने एक के बाद एक कई हवाई हमले किए। इससे पहले, इस्राइली सेना ने मंगलवार को पहले कहा था कि सुरक्षा बलों और खुफिया सेवाओं ने 'आतंकवाद-रोधी कार्रवाई' शुरू की है। उन्होंने इस अभियान को 'आयरन वॉल' नाम दिया है। हालांकि आईडीएफ ने ज्यादा जानकारी नहीं दी थी। वहीं, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आईडीएफ द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जेनिन क्षेत्र से 'आतंकवाद का खात्मा' करना है। उन्होंने कहा कि इस इलाके को लंबे समय से फलस्तीनी सशस्त्र समूहों का गढ़ माना जाता है।

#### इस्राइली सेना के शीर्ष जनरल ने दिया इस्तीफा

इससे पहले, इस्राइली सेना के एक शीर्ष जनरल ने सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमलों को रोकने में नाकामी के लिए मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। इन हमलों के बाद ही गाजा युद्ध की शुरुआत हुई। लेफ्टिनेंट जनरल हरजी हलवी ने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। जनरल हलवी ने इस्तीफा ऐसे समय में दिया है, जब गाजा में युद्धविराम जारी है। युद्धविराम के साथ हमास के लड़ाके गाजा की सड़कों वापस दिखाई दे रहे हैं, जिससे साबित होता है कि हमास अभी भी गाजा पर नियंत्रण बनाए हुए हैं। पिछले पंद्रह महीनों से जारी युद्ध में 46 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और भारी तबाही हुई है। यह युद्ध तब शुरू हुआ, जब हमास के नेतृत्व में अक्तूबर 2023 में इस्राइल के दक्षिण हिस्से पर हमले किए गए। इन हमलों में करीब 1200 इस्राइली नागरिक मारे गए। वहीं, ढाई सौ से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया। इनमें से 90 से अधिक कैदी अभी भी गाजा में हैं। एक तिहाई बंधक मारे गए हैं।

#### युद्ध विराम लागू होने के तीन दिन बाद हुआ हमला

यह हमला इस्राइल और हमास के बीच लागू हुए युद्ध विराम समझौते के तीन दिन बाद हुआ है। इस हमले के बाद वेस्ट बैंक में हिंसा के बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। वहीं, फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) के सुरक्षा बलों के प्रवक्ता ने इस सैन्य अभियान को फलस्तीन के खिलाफ हमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस्लाइल की सेना ने अचानक हमारे नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने इस कार्रवाई को आक्रमण करार दिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत जल्दी में हुआ। अचानक से आसमान में अपाचे विमानों ने हम पर हवाई हमले किए और फिर हर जगह इस्राइली सैन्य वाहनों ने रेड कर दी। उन्होंने कहा कि इस्राइली सेना के आने से पहले जेनिन शरणार्थी शिविर के आस-पास के अपने ठिकानों से हट गए थे। फलस्तीनी मीडिया का कहना है कि इस्राइली सेना जेनिन शरणार्थी शिविर को घेर रही है। इस्राइली बलों ने बुलडोज़रों से कई सड़कों को खोद दिया है।

### अब घर बैठे मंगा सकेंगे महाकुंभ का प्रसाद

**प्रयागराज।** ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के जरिए अब देश के किसी भी कोने में मौजूद श्रद्धालु महाकुंभ का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। ये अपने आप में एक नई तरह की पहल है। सेलर नेटवर्क 'वायु' के जरिए प्रयागराज के बड़े हनुमान जी मंदिर और अयोध्या के राम मंदिर मका प्रसाद देश के कोने-कोने में भेजा जाएगा। श्रद्धालु पेटीएम, स्नैपडील, ईजीपे, डिजिहाट, माई स्टोर और रूबरू प्लेटफॉर्म के जरिए ऑर्डर प्लेस कर सकते हैं। राम मंदिर का प्रसाद 'अयोध्या हलवाई कल्याण समिति' द्वारा अयोध्या धाम में ही बनाया जाता है। इसके लिए शुद्ध बेसन और घी का इस्तेमाल किया जाता है। प्रयागराज का प्रसाद बड़े हनुमान जी मंदिर से सटे त्रिवेणी संगम के पास स्थित एक प्रोड्यूसर से प्राप्त किया जाता है, जो शुद्ध घी और बेसन से बनता है। प्रसाद की डिलीवरी पूरे भारत में की जाती है। इसके लिए कई लॉजिस्टिक पार्टनर से डील की गई है। डिलीवरी 7 दिनों के भीतर पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। ये सर्विस 13 जनवरी से शुरू हुई है और महाकुंभ के बाद भी जारी रहेगी।

### जर्मनी में अफगान व्यक्ति ने चाकू से किया हमला

**बर्लिन।** जर्मनी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक अफगान व्यक्ति ने चाकू से हमला कर बच्चें समेत दो लोगों की हत्या कर दी। साथ ही इस हमले में तीन लोग के घायल होने की भी खबर सामने आ रही है। मारे गए लोगों में एक दो साल का बच्चा और 41 साल का एक जर्मन व्यक्ति शामिल है। वहीं बात अगर घायल व्यक्तियों की करें तो हमले में एक 72 साल का जर्मन व्यक्ति, 59 साल की जर्मन महिला और 2 साल की सीरियाई लड़की भी घायल हो गई। दक्षिणी जर्मनी के असचफेनबर्ग में एक पार्क में हुए इस चाकू कांड का हमलावर अब पुलिस के गिरफ्त में है। हमलावर की पहचान को लेकर पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर एक 28 साल का अफगान व्यक्ति था, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि हमले के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध मानसिक रूप से बीमार हो सकता है। उसने पहले भी हिंसक अपराधों के लिए पुलिस का ध्यान खींचा था और उसे इलाज दिया गया था।

### केंद्र ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया

# 'शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार 100 नए सैनिक स्कूल खोलेगी', राजनाथ सिंह की बड़ी घोषणा

**अलप्पुझा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का फैसला किया है। सरकार का यह कदम राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देगा। केरल के अलप्पुझा में विद्याधिराज सैनिक स्कूल के 47वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिक स्कूलों की पहुंच देश के जिले तक बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और दूरदराज के क्षेत्रों से छात्रों को इसमें शामिल किया जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे देश स्वास्थ्य, संचार, उद्योग, परिवहन और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, उसे देखते हुए शिक्षा और बच्चों के समग्र विकास में क्रांति की आवश्यकता है। किसी सैनिक को केवल युद्ध के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक सैनिक में कई अन्य गुण होते हैं।



संपादकीय

# समर्थन वापसी पर भ्रम

**क्या प्रदेश अध्यक्ष के समर्थन वापसी के फैसले में केंद्रीय नेतृत्व की सहमति नहीं थी? समर्थन वापसी पर भ्रम पैदा हो गया है। क्या अब डैमेज कंट्रोल किया जा रहा है?**

**मणिपुर** में जेडीयू ने भाजपा से वापस लेकर एक तरह से चौंकाया है। इस समर्थन वापसी से भाजपा सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं होगा। 60 सीटों वाली असेंबली में भाजपा के पास 32 सीटें हैं। जेडीयू के पासा 6 सीटें सीटें थीं। जेडीयू के पांच विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। नवंबर 2024 में भाजपा सरकार में शामिल नेशनल पीपुल्स पार्टी ने समर्थन वापसी का ऐलान किया था। एनपीपी के 7 सदस्य हैं, जो भाजपा सरकार को समर्थन दे रहे थे। भाजपा के पास 32 सदस्य हैं, जबकि बहुमत का आंकड़ा 31 हैं। ऐसे में सरकार को फिलहाल खतरा नहीं है। सवाल यह है कि आखिर जेडीयू ने मणिपुर में समर्थन वापसी का फैसला क्यों लिया? मणिपुर में लंबे समय से हिंसा चल रही है। अगर हिंसा के विरोध में समर्थन वापस लिया है, तो इतनी देर से फैसला क्यों लिया गया? क्या यह इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए जेडीयू ने यह फैसला लिया है? क्या सीट बंटवारे के लिए दबाव की रणनीति है? इस फैसले के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। बिहार में इसके खास मायने निकाले जा रहे हैं। इस समर्थन वापसी से यह भी संकेत मिलता है कि भाजपा और जेडीयू में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। क्या इसका असर बिहार में पड़ने वाला है? देखना दिलचस्प होगा कि बिहार चुनाव में जेडीयू और भाजपा का गठबंधन रहता है या नहीं। यह फैसला दोनों दलों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा। क्या यह गठबंधन टूटेगा या फिर कोई नया समीकरण बनेगा, यह समय ही बताएगा। लेकिन यह तय है कि आने वाले दिनों में बिहार में राजनीतिक उठापटक देखने को मिलेगी। मणिपुर में एन बीरेन सिंह भाजपा के मुख्यमंत्री हैं। उन पर हिंसा को नियंत्रित न कर पाने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। लेकिन भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री पद पर बनाए रखा है। समर्थन वापसी के बाद एक ट्विस्ट आया है। जेडीयू ने कहा है कि इस समर्थन वापसी के बावजूद केंद्र और बिहार में एनडीए गठबंधन चलता रहेगा। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने समर्थन वापसी को भ्रामक और निराधार बताया है। जेडीयू की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष को उनके पद से मुक्त कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि प्रदेश अध्यक्ष के फैसले में केंद्रीय नेतृत्व की रजामंदी नहीं थी। लेकिन क्या प्रदेश अध्यक्ष बिना केंद्रीय नेतृत्व की सहमति के बिना समर्थन वापसी का फैसला ले सकता है या डैमेज कंट्रोल किया जा रहा है?

पाठकवाणी

## लोकतंत्र में मतदाता जागरूकता जरूरी

**हर** साल 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 25 जनवरी, 2011 को की गई थी। निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी, इसलिए 25 जनवरी को मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मतदाता दिवस के दिन कई तरह के जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य नए मतदाताओं को पंजीकृत करने के साथ-साथ मतदान की अनिवार्यता के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। जानकारी के अभाव में आज भी एक बड़ा तबका मतदान के उद्देश्य से वंचित है। कुछ लोग दुष्प्रचार कर मतदाताओं को दिग्भ्रमित करने में भी सफल हो रहे हैं और मतदाता अपना मत पैसे से बेच रहे हैं। मतदाताओं को जाति, नस्ल, भाषा, धर्म आदि के नाम पर तोड़ कर कुछ लोग सत्ता की सीढ़ी चढ़ रहे हैं। कुछ बाहुबली ताकत और पैसे के बल पर मत हासिल करने में सफल हो रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। वास्तव में जागरूकता का अभाव है, मतदाता को यह जानना जरूरी है कि उसके मत से ही देश और राज्य के साथ-साथ पंचायत की सरकारें बनती हैं। मतदाता लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं यह बात सबको जानना चाहिए, लेकिन लोग पैसों में बिक जाते हैं और गलत प्रत्याशी चुन लेते हैं। बाद में उन्हें लगता है कि उन्होंने गलत किया है। लोकतंत्र में गलत तरीके दिया गया वोट लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

–**संदीप कुमार**, मधुपुर (झारखंड)

कुछ खास



क्या लगता है, मीट सिर्फ मुसलमान खाते हैं? हमारे यहां बिहार में जितने बकरे बकराईद पर नहीं कटते, उससे ज्यादा काली पूजा और दुर्गा पूजा पर कटते हैं। हमारे यहां मैथिल ब्राह्मण भी नॉनवेज खाते हैं। खान-पान पर डिबेट की जरूरत क्या है? जिसको जो पसंद है खाए।

–**शाहनवाज हुसैन**, भाजपा नेता

आज का ट्वीट



''भाजपा रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को देश के लिए खतरा नहीं मानते। लेकिन पंजाबी समाज, जिसने देश के लिए बलिदान दिया, उन लोगों को ये आतंकवादी और देश के लिए खतरा बताते हैं।''

–**अनमोल पंवार**

# श्रमशक्ति के शोषण के हथकंडे

सामयिक



**शाहीन सबा**

**2014 में बीजेपी के चुनाव जीतने के बाद संसद में मनरेगा पर किया गया प्रधानमंत्री मोदी का व्यंग इसी कड़ी में पूंजीवाद की उपलब्धि में गिना जाता है। वर्तमान समय में राजनैतिक स्थिति देश के उद्योग पतियों के बहुत अनुकूल और समर्थक है तभी वह मजदूरों को प्रताड़ित करने के हर हथकंडे अपना रहे हैं।**

कोरोना काल में भारत में पूंजीवाद और उसकी संरक्षक सत्ता का वीभत्स रूप देखा गया था जब श्रम पूंजी के सापेक्ष उभय पक्ष हो गया है, और सत्ता बेशर्मी के साथ पूंजीवाद के साथ खड़ी थी। उस काल से मौजूदा दौर तक श्रम और श्रमिकों की महत्ता को कम करने के लिए पूंजीपतियों का श्रमिकों पर आक्रामक हमले लगातार चल रहे हैं। सृष्टि की रचना से लेकर आजतक मनुष्यों के विभिन्न समूहों में संसाधन कमाने, छीनने और हथियाने का संघर्ष चला आ रहा है। सभ्यता के काल खण्डों में यह संघर्ष विभिन्न रूपों में देखने को मिलता है। लेकिन पिछले 200 वर्षों में विकसित हुए कथित भूमंडलीकरण से लेकर कोरोना काल तक यह संघर्ष जिस रूप में सामने आया है वह सबसे अलग है और मानव सभ्यता के लिए सबसे अधिक भयावह है। औद्योगीकरण के आरम्भ में इसका जो रूप था वह सूचना क्रान्ति काल तक बदल चुका था, 20 वीं सदी तक जो पूंजीवाद यह समझने लगा था कि उसका आस्तित्व गरीबी उन्मूलन में ही सम्भव है, (जैसे गरीब साइकिल चलाने के स्थान पर मोटर साइकिल या कार चलाए इसमें पूंजीवाद का विस्तार हो, यह गरीबी का नया स्तर माना जा सकता था) जिससे पूंजीवाद फलता फूलता, और जिसके लिए ही पूंजीवाद का बनाया हुआ भूमंडलीकरण प्लेटफार्म था, लेकिन अब कोरोना काल के बाद वर्तमान वैश्विक स्थिति में वह धीरे धीरे पुनः अपने विद्रूप रूप में आने लगा है।



भारत में मजदूरों के साथ जो व्यवहार हो रहा है और अमेरिका सहित पूंजीवादी विश्व और कथित चीनी साम्यवादी देश में लॉकडाउन के बाद उत्पादन जारी रखने का जो संघर्ष है, वह मार्क्स के सिद्धान्त याद दिलाता है कि पूंजीवाद/पूंजीपति हर हथकंडे अपना कर सस्ते श्रम का उपयोग अपनी पूंजी बढ़ाने का या यूं कहें अपना विस्तार करता रहता है। इस काल में भारत की परिस्थिति पर दृष्टि डालें तो पाऐंगे कि यहां श्रम के उत्पीड़न के नए रिकार्ड बन रहे हैं, श्रम कानूनों में बदलाव के बाद कोरोना काल ने पूंजीवादी व्यवस्था को नंगा कर दिया है। इस समय श्रम का उत्पीड़न उत्कर्ष पर है। इंफोसिस के नारायण मूर्ति को 70 घंटे काम करने की मांग और एल एण्ड टी के सुब्रह्मण्यम की 90 घंटे काम करने की बात इसी बात का उदाहरण है।

दोनों पूंजीपतियों के दृष्टिकोण के सापेक्ष अगर श्रम मूल्य की तुलना करें तो पाएंगे कि पिछले 10-12 साल से श्रम का सापेक्ष मूल्य या तो स्थिर है या कम हुआ है जबकि कम्पनियों की बैलेंस शीट में मुनाफा कई गुना बढ़ा है और कम्पनियों के प्रमुखों के वेतन भत्ते कई गुना बढ़े हैं। उदाहरण के तौर पर 15 साल पहले एक नौजवान आईटी प्रोफेशनल जो इंट्री लेवल पर जो पैकेज मिलता था। आज मूल्य ह्रास और इंफ्लेशन को घटा दिया जाए तो उससे कम मिल रहा है या उतना ही मिल रहा है। सीधे शब्दों में 15 साल पहले 3 लाख का सालाना पैकेज आज के 5 लाख के बराबर या उससे कम है। जो सीधा सीधा शोषण और उत्पीड़न है। यह उत्पीड़न यह भी दर्शाता है कि भारतीय उद्योग पर श्रमिकों की गैर मौजूदगी का कितना आतंक है और उसे रोकने के लिए पूंजीवादी सत्ता कितने पतित तरीके अपना रहा है।

याद करें मनरेगा के लागू होने के समय क्या हुआ था, तब गांवों में मनरेगा में काम मिलने के कारण अचानक शहरों में सीजनल मजदूरों की कमी हो गई थी, तब देश के अनेक उद्योग संघों ने बाकायदा मनरेगा का विरोध करते हुए इसे उद्योग विरोधी कहा था। उस वक्त मनरेगा लाने वाली सरकार ने भले ही इस पर कोई कान न धरा हो, लेकिन उद्योग जगत की एक सशक्त लॉबी सस्ते मजदूरों की अबाध आपूर्ति के लिए मनरेगा बजट के आवंटन में बढोत्तरी को रोकने का प्रयास करती रहती थी। 2014 में बीजेपी के चुनाव जीतने के बाद संसद में मनरेगा पर किया गया प्रधानमंत्री मोदी जी का व्यंग इसी कड़ी में पूंजीवाद की उपलब्धि में गिना जाता है। वर्तमान समय में राजनैतिक स्थिति देश के उद्योग पतियों के बहुत अनुकूल और समर्थक है तभी वह मजदूरों को प्रताड़ित करने के हर हथकंडे अपना रहे हैं।

ऐसे में जब मजदूरों के ऊपर जान और भविष्य की सुरक्षा का जोखिम, आजीविका पर भारी पड़ रहा है, लॉकडाउन में गुजरात और महाराष्ट्र आदि राज्यों में जिस तरह मजदूरों ने प्रदर्शन और आंदोलन किए थे वह उनकी बेचैनी और आशंका को दिखाती थी, लेकिन भारतीय पूंजीपति मजदूरों की जान की परवाह न करते हुए उन्हे हर तरह से रोककर अपने हित सुरक्षित करना चाहते थे। यहां पूंजीपतियों/उद्योगपतियों के हित साधने के लिए वर्तमान राज सत्ता हर तरह से उद्योगपतियों का साथ दे रही थी। गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब सहित औद्यौगिक राज्यों से मजदूर किसी भी सूरत में अपने घर न जा पाएं, भले ही वह भूखे मर जाएं, या वह कोरोना के चपेट में आकर मारे जाएं। यदि वह जैसे तैसे घर जाने की जुर्रत करें तो उनके आवागमन के साधन और सीमा बंद करके उन्हे रोका जाए। यदि तब भी न रुकें तो आंसू गैस और गोली चलाई जाए।

गुजरात, मध्यप्रदेश आदि की सीमाओं पर पूंजीपतियों के हित में पुलिस ने जो मजदूरों के खिलाफ नंगा नाच किया है वह इसका प्रत्यक्ष प्रमाण था। यह प्रकरण बतलाता है कि देश का पूंजीपतिवर्ग और उसका समर्थक राजनैतिक नेतृत्व कितना खोखला और हृदयहीन है। वह मजदूरों के लिए न तो रोटी की व्यवस्था कर सकता है और न किसी बीमारी से बचाने की व्यवस्था कर सकता है। कोरोना काल समाप्त होने के बाद यह स्थिति नहीं बदली। इस काल ने पूंजीवाद द्वारा स्थापित की जा रही अवधारणाओं को अवश्य नंगा कर दिया है।

पूंजीवाद ने हमेशा से ही उत्पादन,उत्पादों/उत्पादन की प्रक्रिया में श्रम की भागीदारी को निम्नतम स्थान दिया है। पूंजीपति के समर्थक कथित आध्यात्मिक नेता तक श्रम को बहुत भाव नहीं देते थे। क्योंकि सभी के अन्तर्निहित सम्बंध और हित परस्पर जुड़े हैं, यह सभी मजदूरों को केवल उपभोग की दृष्टि से देखते हैं। भले ही कोरोना काल ने यह सिद्ध कर दिया था कि उत्पाद हो अथवा विकास का केन्द्र दोनों में श्रम ही उभय पक्ष है। 21वीं सदी के प्रारम्भिक काल में आए कोरोना काल ने और उसके बाद पूंजीवाद के अन्तर्द्वन्द ने सारी परिभाषाओं को और तहस नहस कर दिया था, बहुत सी अवधारणाओं को समूल नष्ट कर दिया था। कोरोना काल ने सबको अपने अतिवादी और वास्तविक रूप में दिखा दिया और बहुत कुछ सिखा दिया था। राजनीति, धर्म, आस्था और प्रकृति से भी, लेकिन पूंजीवाद और पूंजीपतियों का जो अपना नंगा रूप दिखाया था वैसा सभ्य इतिहास में कभी नहीं हुआ है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की दसवीं वर्षगांठ-विजन 2047 का लक्ष्य हो, आज की बालिका हर क्षेत्र में कल की लीडर बनकर उभरे

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर जबरदस्त आगाज-22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक पूरा भारत बेटी मय से जागरूक होगा

**राष्ट्रीय लिंगानुपात महिला पुरुष का 100 परसेंट समांतर सुनिश्चितता पर रणनीतिक जनजागरण में तीव्रता लाना जरूरी-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया-** वैश्विक स्तरपर खासकर भारत में 1990 दशक के पूर्व का एक ऐसा दौर चला था जिसमें हर परिवार व दंपति केवल बेटे की चाह रखती थी, प्रवास के पूर्व लिंग परीक्षण कर बेटियों की गर्भ में ही हत्या कर अबॉर्शन करवा दिया जाता था, जिसकी अति हो गई थी।1960 के दशक में, जब 15 देशों में गर्भपात कानूनी था, भारत में प्रेरित गर्भपात के लिए कानूनी ढांचे पर विचार-विमर्श शुरू किया गया था। गर्भपात की चिंताजनक रूप से बढ़ती संख्या ने स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय को सतर्क कर दिया गया था। भारत सरकार ने भारत के लिए गर्भपात कानून का मसौदा तैयार करने के लिए सुझाव देने के लिए शांतिलाल शाह के नेतृत्व में 1964 में एक समिति गठित की थी। इस समिति की सिफारिशों को 1970 में स्वीकार कर लिया गया और संसद में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी बिल के रूपमें पेश किया गया था ।यह बिल अगस्त 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 1971 के रूप में पारित हुआ,मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम, 1971 भारत में सीएसी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है। गर्भावस्था के 20 सप्ताह तक की कई स्थितियों के लिए गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति है,पर अब गर्भावस्था के 24 सप्ताह तक गर्भपात किया जा सकता है क्योंकि एमटीपी संशोधन अधिनियम 2021, 24 सितंबर 2021 से राजपत्र में अधिसूचना द्वारा लागू हो गया है। अवैध रूप से अबॉर्शन कर बेटियों का गर्भ में हत्या का परिणाम आज हम हर समाज में देख रहे हैं कि अब 1980-90 में जन्मे लड़कों के लिए शादी विवाह के लिए लड़कियां मिलने में अति कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मेरी नजर में इन दशकों के कई लड़के अभी कुंवारे बैठे हैं यानें लिंगानुपात रेश्यो बिगाड़ने की सजा मिल रही है, जो अभी लेवल पर धीरे-धीरे आ रही है। पिछले एक दशक में, बीबीबीपी योजना ने लैंगिक समानता और भारत में बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है ।जन्म के समय राष्ट्रीय लिंगानुपात (एसआरबी) वर्ष 2014-15 के 918 से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 930 हो गया है ।माध्यमिक स्तरपर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 75.51पेर्सेंट से बढ़कर 78पेर्सेंट हो गया है,और संस्थागत प्रसव




61पेर्सेंट से बढ़कर 97.3 पेर्सेंट हो गया है,इसके अतिरिक्त ,पहली तिमाही के प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61पेर्सेंट से बढ़कर 80.5 पेर्सेंट हो गए हैं। माननीय पीएम द्वारा 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई बीबीबीपी योजना ने भारत में लैंगिक भेदभाव और घटते बाल लिंग अनुपात से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित कियाहै। यह योजना एक सांस्कृतिक बदलाव को बढ़ावा देने में सहायक रही है जो बालिकाओं को महत्व देती है, यह सुनिश्चित करती है कि उनके अधिकारों और अवसरों की रक्षा हो और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का मार्ग प्रशस्त हो, बता दें 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की गई थी जिसका पिछले 10 वर्षों में बहुत जोरदार सकारात्मक परिणाम देखने को मिला, जिससे उत्साहित होकर 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस तक भारत देश में जबरदस्त जनजागरण अभियान चलाकर चलाया जा रहा है जिसमें स्कूटर रैली, प्रभात फेरी, डिबेट, जुलूस सहित अनेको कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जब हम किसी अभियान में सफल होते हैं तो फिर इसी तरह का उत्साह होता है मनोबल ऊंचा हो जाता है परंतु जब आलोचक हो तो, इस उत्सव को और निखारने में भी हमें कुछ सीखने को मिलता है ।चूँकि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर जबरदस्त आगाज 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक पूरा भारत बेटी मय से जागरूक होगा इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विजन 2047 के लक्ष्य हो आज की बालिका हर क्षेत्र में कल की लीडर बनकर उभरे व राष्ट्रीय लिंगानुपात महिला पुरस्कार 100 पेर्सेंट समांतर सुनिश्चित तथा पर रणनीतिक जन जागरण में तीव्रता लानाआज बहुत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम महिला व बाल कल्याण विकास मंत्रालय द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ 22 जनवरी 2025 को मनाने की करें तो, बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, जो लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, की 10 वीं वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर समारोह मनाया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह हुआ ।इस कार्यक्रम में बीबीबीपी योजना के एक दशक की प्रगति पर प्रकाश डाला गया, जो महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है ।इसने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना की भी पुष्टि की, जहां लैंगिक समानता एक नीतिगत प्राथमिकता ना होकर, एक सामाजिक मानदंड है.केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने अपने विशेष संबोधन में, बीबीबीपी के अंतर्गत स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई प्रगति को रेखांकित किया,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की सफलता बाल लिंगानुपात संस्थागत प्रसव और लड़कियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में पर्याप्त सुधार से स्पष्ट है ।भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक बालिका को वह देखभाल और अवसर प्राप्त हों जिसकी वह हकदार है ताकि वह भविष्य की नेता बन सके, अपने मुख्य वक्तव्य में, माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री,नें कहा परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार किया, इस बात पर जोर दिया कि यह योजना सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बन गई है, उन्होंने कहा,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल सरकारी योजना से आगे बढ़कर राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गई है,इस 10 साल की यात्रा ने बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के समान अवसर प्राप्त हों यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।माननीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने अपना विशेष संबोधन देते हुए इस योजना द्वारा लाए गए सांस्कृतिक बदलाव पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिलाओं के उत्थान के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है. इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए हम एक ऐसा माहौल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जहां हर लड़की को शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसरों से भरे भविष्य का अधिकार हो, इस अवसर पर सर्वोत्तम प्रथाओं का संग्रह, मिशन वात्सल्य पोर्टल, मिशन शक्ति पोर्टल और मिशन शक्ति मोबाइल ऐप सहित कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई, जो देश भर में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए हैं. इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, पुलिस,अर्धसैनिक बलों, चिकित्सा, विज्ञान, सरकार सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिला अधिकारियों के साथ-साथ उत्साही छात्राएं भी उपस्थिति थीं।

तीखी नजर

# लोकतंत्र में कमेटी की महत्ता



पूरन सरमा

आपको खुशी है या नहीं, यह तो मैं नहीं जानता। लेकिन मुझे इस बात की अपार खुशी है कि मुझे एक समिति का सदस्य बनाया गया है। लोग अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी-बड़ी तिकड़में लगाते हैं, मैं बिना तिकड़म के ही कमेटी में आ गया हूं। हमारे यहां कमेटी निर्माण की परम्परा वैसे तो प्राचीनकाल से है, लेकिन वर्तमान काल में कमेटी बनाना, आयोग गठित करना आम घटनाएं हैं।

कमेटियों के गठन के पीछे पहले अनुभव का लाभ लेना मुख्य था, लेकिन वर्तमान में कमेटियां मामले को टालने अथवा जिम्मेदारियों से बचने का माध्यम बन गई हैं। लोकतंत्र में इससे बढ़िया अपने को बचाने का लोकतान्त्रिक ढंग दूसरा नहीं है। इस दृष्टि से जिस कमेटी का मैं सदस्य बना हूं वह भी गालियां सुनाने के अलावा अन्य कुछ नहीं दे पाएगी। पर भाई कुछ भी हो आखिर कमेटी में लिया तो गया। हर ऐरेगैरे-नत्थू-खैरे को तो नहीं लिया जाता या आपको तो नहीं लिया गया। मुझे लिया गया इसलिए मैं महत्त्वपूर्ण व्यक्ति तो हूं ही। मैं महत्वपूर्ण हूं, इस पर मुझे गर्व हो रहा है। आखिर कोई है जो मुझे महत्वपूर्ण समझता है।

कमेटियों की कार्यशैली पर प्रकाश डालना भी समीचीन होगा। पहली बात तो कमेटी की बैठक नहीं होती और हो जाती है तो निर्णय नहीं होता। इस प्रकार एक अनन्त सिलसिला निष्क्रियता का जारी रहता है तथा सदस्य जलपान तथा आवागमन भत्ता लेने के कुछ भी नहीं कर पाते। कई बार तो कमेटी पर कमेटी और कमेटी, बस कमेटी ही कमेटी, इतनी कमेटी कि पता ही नहीं चलता कि किस कमेटी को किस बात पर निर्णय करना है? पहली मूल कमेटी को खोजना मुश्किल हो जाता है। कमेटियों की कार्य-सूची और विवरण नहीं मिलते तथा इस प्रकार एक अनावश्यक अराजकता का माहौल बना रहता है। भारत में यह परम्परा निरन्तर फल-फूल रही है तथा लोगों का कमेटियों में प्रवेश का क्रेज बना हुआ है। आदमी जितनी कमेटियों का सदस्य होता है, उतना ही बड़ा और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह नहीं देखा जाता कि उसने निर्णय क्या किए हैं, किए भी हैं या नहीं अथवा 'टालू मिक्चर' पिलाता रहा है। लेकिन कौन ध्यान देता है, चलता रहता है। अपने देश में इसको कोई पूछता भी नहीं कि कमेटी में शामिल आदमी कितना योग्य है।

मुझे जिस कमेटी में लिया गया है, वह कमेटी कोई ज्यादा उल्लेखनीय तो नहीं है। लेकिन भाई, है तो कमेटी? क्या बड़ी और क्या छोटी। हमें भी एक अदद कमेटी चाहिए थी सो मिल गई है। वैसे आपसे क्या छिपाना, हमें मोहल्ले की विकास समिति ने सफाई समिति में शामिल किया है। 'मोहल्ले की सफाई' एक संगोष्ठी का विषय है, जिस पर कि समिति का गठन करके काम चलाया जा रहा है। मोहल्ले की सफाई की चुनौती को स्वीकारने का मतलब अपना पारिवारिक जीवन विषाक्त बनाना।

## सार संक्षेप

### नेशनल यूनाइटेड ने फ्रेंड्स को हराया

**नई दिल्ली** : डीएसए प्रीमियर लीग में बुधवार को नेशनल यूनाइटेड एफसी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए फ्रेंड्स यूनाइटेड को 3-0 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। यहां नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गए मुकाबले में नेशनल यूनाइटेड ने अपने स्टार स्ट्राइकर गोपी सिंह के दो शानदार गोलों की मदद से फ्रेंड्स यूनाइटेड को आसानी से हराने के साथ साथ पहली पांच टीमों में भी स्थान सुनिश्चित किया । एक गोल सेगोहाओ ने जमाया। पिछले मुकाबले में रॉयल रेंजर्स को हैरान करने वाली नेशनल के तेवर आज पूरी तरह आक्रमक नजर आए जिसे खिलाडियों ने बेहतर तकनीक और मौकों का फायदा उठा कर साकार कर दिखाया। अग्रिम पंक्ति ने आसान मौके गंवाए वरना हार का अंतर बड़ा हो सकता था। दिन के दूसरे मैच में यूनाइटेड भारत ने वाटिका फुटबॉल क्लब को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक छीन लिया तो तीसरे और अंतिम मैच में सुदेवा फुटबॉल क्लब को तरुण संघा ने फुटबॉल का पाठ पढ़ाते हुए 2-2 की बराबरी पर रोका  और अंक बांटने पर विवश किया। सुदेवा के लिए तुषार कुमार और मेती ने गोल जमाए, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच ओलेन सिंह ने बराबर कर दिखाया।

### नौ फरवरी को होगी हाफ मैराथन

सोनीपत : हरियाणा के सोनीपत में हाफ मैराथन आगामी 09 फरवरी को होगा। यह जानकारी बुधवार को उपायुक्त (डॉक्टर) मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि हाफ मैराथन में  अलग-अलग श्रेणियों में हजारों धावक भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। उपायुक्त ने बताया कि दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजन पिछले कुछ समय में हरियाणा के बड़े शहरों फरीदाबाद, गुरुग्राम और पानीपत में आयोजित किए गए हैं। उसी तर्ज पर सोनीपत हॉफ मैराथन भी आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि हाफ मैराथन में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर शुरू हो चुका है। मैराथन का शुभारंभ दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल परिसर से होगा और यह शहर के मुरथल रोड सेक्टर 14-15 डिवाइडिंग रोड, महाराणा प्रताप चौक, ट्रक यूनियन, दीवान फार्म से होते हुए वापस मुरथल विश्वविद्यालय जाएगा। डॉ. कुमार ने बताया कि 21 किलोमीटर ओपन केटेगरी में हॉफ मैराथन में विजेता को (महिला व पुरुष) एक-एक लाख रुपये, फर्स्ट रनर को (पुरुष और महिला) को 75 हजार रुपये, सेकेंड रनर को 50 हजार रुपये ईनाम दिया जाएगा। इसके अलावा भी विभिन्न श्रेणियों में कुल दस लाख रुपये से अधिक के पुरस्कार दिए जाएंगे।

### गोवा में पांच से 13 फरवरी तक होगा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**चंडीगढ़** : अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन  पांच से 13 फरवरी तक गोवा में तथा हॉकी (पुरुष तथा महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 28 फरवरी तक काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) में होगा। यह जानकारी बुधवार को एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा की शतरंज टीम के लिये ट्रायल 25 जनवरी को तथा पुरुष हॉकी खेल का ट्रायल भी  25 जनवरी को होगा, जबकि महिला हॉकी खेल का ट्रायल 26 जनवरी को ताऊ देवीलाल खेल परिसर सेक्टर-3, पंचकूला में लिया जाएगा।

### रोहित के चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक जाने पर फैसला होना बाकी : सैकिया

**मुंबई** : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नवनियुक्त सचिव



देवजीत सैकिया ने बुधवार को कहा कि कप्तान रोहित शर्मा के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान में टूर्नामेंट से पहले होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने पर अभी फैसला होना बाकी है। सैकिया ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड में रोहित शर्मा के पाकिस्तान जाने पर विचार-विमर्श चल रहा है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा आईसीसी मीडिया कार्यक्रमों के लिए पाकिस्तान जाएंगे या नहीं, इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि आईसीसी इन कार्यक्रमों को यूएई में स्थानांतरित कर सकता है। हालांकि, इस तरह के कदम से पाकिस्तान में खेलने वाली टीमों के लिए चुनौतियां पैदा होंगी। उल्लेखनीय है कि कप्तानों की बैठक और लाहौर में होने वाले प्री-इवेंट संवाददाता सम्मेलन सहित विचाराधीन कार्यक्रम पारंपरिक रूप से आईसीसी टूर्नामेंट की शुरुआत करते हैं और टीम के कप्तानों को अपनी योजनाओं और लक्ष्यों को रेखांकित करने का अवसर प्रदान करते हैं। हालांकि, भारत द्वारा पाकिस्तान का दौरा करने से मना करने के बाद, जिसके कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल को अपनाया गया है।

# सेमीफाइनल में पहुंचीं इगा स्वियातेक

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : अमेरिका की नवारो को सीधे सेटों में हराया, अब मेडिसन कीज से होगा मुकाबला



● मेलबर्न, वार्ता

**पांच** बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने अमेरिका की एम्मा नवारो पर आसान जीत के ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं अमेरिका की एक अन्य टेनिस खिलाड़ी मेडिसन कीज भी टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। महिला एकल के सेमीफाइनलिस्ट तय हो गए है। पहला सेमीफाइनल वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका और स्पेन की पाउला बडोसा के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरा स्वियातेक और कीज के बीच खेला जाएगा। स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नवारो पर आसान जीत दर्ज की। उन्होंने पहला सेट 6-1 और दूसरा 6-2 से जीता। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला 23 जनवरी यानी आज कीज से होगा। वहीं अमेरिका की मेडिसन कीज ने बुधवार को पिछड़ने के बाद वापसी की और जीत दर्ज की। कीज को यूक्रेन की 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना के खिलाफ पहले सेट में 3-6 से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद उन्होंने कमबैक किया, दूसरा सेट 6-3 और तीसरा सेट 6-4 से जीत लिया।

### टेलर और कैटरीना की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ओपन महिला युगल के सेमीफाइनल में

अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी ने बुधवार को चीन की झांग शुआई और फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। यहां खेले गए मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त झांग और म्लादेनोविच को टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 70 मिनट में 6-1, 7-5 से हराया। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी सेमीफाइनल में रूस की मीरा एंड्रीवा और डायना श्नाइडर की जोड़ी से भिड़ेगी।



मेडिसन कीज

# कोलकाता में अभिषेक शर्मा ने बिखेरा जलवा

### मात्र 34 गेंद पर जड़े 79 रन भारत ने पहले टी-20 में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर 1-0 की बनाई बढ़त

**कोलकाता, वार्ता** : वरुण चक्रवर्ती (तीन विकेट) , हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अभिषेक शर्मा  की (79) रनों की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।



इंग्लैंड के132 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए (41) जोड़े। पांचवें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने संजू सैमसन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। संजू सैमसन ने  20 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (26) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव (00) को भी जोफ्रा आर्चर ने इसी ओवर में आउट कर इंग्लैंड को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभाला। हालांकि अभिषेक ने अपनी लय बरकरार रखी और तेजी के साथ रन बनाते रहे। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को आदिल रशीद ने 12वें ओवर में अभिषेक शर्मा को आउटकर तीसरा झटका दिया। अभिषेक शर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्कों की मदद से (79)रन बनाये। तिलक वर्मा (19) और हार्दिक पंड्या (तीन) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिये। आदिल रशीद को एक विकेट मिला। इससे पहले यहां भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाज कप्तान की उम्मीदों पर खरे उतरे और उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। हालांकि इस दौरान इंग्लैंड टीम के कप्तान जॉस बटलर ने कुछ आकर्षक शॉट लगाये। उन्होंने अपनी इस पारी में  44 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (68) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 17 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। फिल सॉल्ट (00) और बेन डकेट (04) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान जॉस बटलर ने हैरी ब्रूक के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया।

आठवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने हैरी ब्रूक (17) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड के अधिकतर बल्लेबाजों ने हथियार डाल दिये। जोफ्रा आर्चर (12) रन बनाकर आउट हुये।

### टेस्ट रैंकिंग में बुमराह टॉप पर बरकरार, बल्लेबाजी में दो भारतीय टॉप-10 में

दुबई, वार्ता : भारतीय स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 908 पॉइंट्स के साथ आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर बरकरार हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में दो भारतीय टॉप-10 में शामिल हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पाकिस्तान को मिली जीत का फायदा नोमान अली और सऊद शकील को हुआ है। आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। जसप्रीत बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट लेने के बाद बुमराह 907 अंक तक पहुंचने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने थे। अब ताजा टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में उनके पास 908 रेटिंग हैं। उनसे पीछे ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) दूसरे पायदान पर है, जबकि साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा 837 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद है। वहीं, पाकिस्तान के नोमान अली टॉप-10 में पहुंच गए है। नोमान ने मुल्तान टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 विकेट लिए थे। नोमान अली को 2 स्थानों का फायदा हुआ और वह 9वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस दौरान रवींद्र जडेजा को एक स्थान का नुकसान हुआ और वह 10वें स्थान पर खिसक गए। पाकिस्तान के साजिद खान (621 रेटिंग प्वाइंट्स) के साथ 18 स्थानों की छलांग लगाकर नंबर 23 पर पहुंचे है। साजिद ने मुल्तान टेस्ट में 9 विकेट लिए थे और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान सऊद शकील 8वें पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 84 रन बनाए थे। इसका उन्हें रैंकिंग में फायदा मिला। स्टीव स्मिथ एक स्थान का नुकसान के साथ अब 9वें स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं, पंत को भी एक अंक का घाटा हुआ और वह 9वें से 10वें स्थान पर खिसक गए। पाकिस्तान के बाबर आजम को 4 स्थानों का नुकसान हुआ और वह 16वें पायदान पर है। आईसीसी पुरुष टेस्ट ऑलराउंडर्स की टॉप-10 स्टैंडिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट का सैमसन बो अर्शदीप | 00 | 3 | 0 | 0 |
| बेन डकेट का सिंह बो अर्शदीप | 04 | 4 | 1 | 0 |
| बटलर का नीतीश बो वरुण | 68 | 44 | 8 | 2 |
| हैरी ब्रूक बो वरुण | 17 | 14 | 2 | 1 |
| लियाम लिविंगस्टोन बो वरुण | 00 | 2 | 0 | 0 |
| बेथेल का अभिषेक बो पंड्या | 07 | 14 | 0 | 0 |
| ओवरटन का नीतीश बो पटेल | 02 | 4 | 0 | 0 |
| एटकिंसन स्टंप सैमसन बो पटेल | 02 | 13 | 0 | 0 |
| आर्चर का यादव बो पंड्या | 12 | 10 | 1 | 0 |
| आदिल रशीद नाबाद | 08 | 11 | 1 | 0 |
| मार्क वुड रन आउट | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन

कुल : 20 ओवर में 132 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-0 (फिल साल्ट, 0.3 ओवर), 2-17 (बेन डकेट, 2.5 ओवर), 3-65 (हैरी ब्रूक, 7.3 ओवर), 4-65 (लियाम लिविंगस्टोन, 7.5 ओवर), 5- 83 (जैकब बेटेल, 11.5 ओवर), 6-95 (जेमी ओवरटन, 13.3 ओवर), 7-103 (गस एटकिंसन, 15.6 ओवर), 8-109 (जोस बटलर, 16.2 ओवर), 9-130 (जोफ्रा आर्चर, 19.4 ओवर), 10-132 (मार्क वुड, 19.6 ओवर)

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| अर्शदीप सिंह | 4 | 0 | 17 | 2 |
| हार्दिक पंड्या | 4 | 0 | 42 | 2 |
| वरुण चक्रवर्ती | 4 | 0 | 23 | 3 |
| अक्षर पटेल | 4 | 1 | 22 | 2 |
| रवि बिश्नोई | 4 | 0 | 22 | 0 |

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का एटकिंसन बो आर्चर | 26 | 20 | 4 | 1 |
| अभिषेक का ब्रूक बो राशिद | 79 | 34 | 5 | 8 |
| सूर्यकुमार का सॉल्ट बो आर्चर | 00 | 3 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 19 | 16 | 3 | 0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 03 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06 रन

कुल : 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन

विकेट पतन: 1-41 (संजू सैमसन, 4.2 ओवर), 2-41 (सूर्यकुमार यादव, 4.5 ओवर), 3-125 (अभिषेक शर्मा, 11.5 ओवर)

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जोफ्रा आर्चर | 4 | 0 | 21 | 2 |
| गस एटकिंसन | 2 | 0 | 38 | 0 |
| मार्क वुड | 2.5 | 0 | 25 | 0 |
| आदिल रशीद | 2 | 0 | 27 | 1 |
| जेमी ओवरटन | 1 | 0 | 10 | 0 |
| लियाम लिविंगस्टोन | 1 | 0 | 7 | 0 |

# इंग्लैंड और अमेरिका की टीमें सुपर सिक्स में पहुंचीं

## महिला अंडर-19 विश्वकप : इंग्लैंड ने अमेरिका को आठ विकेट से हराया

● जोहोर (मलेशिया), वार्ता

**डेविना** पेरिन (74) और टुडी जॉनसन (नाबाद 44) की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबले में अमेरिका को आठ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ इंग्लैंड और ग्रुप में शीर्ष पर रही अमेरिका की टीम टूर्नामेंट के सुपर सिक्स चरण में जगह बना ली हैं।

अमेरिका के 119 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर एरिन थॉमस (00) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई टुडी जॉनसन ने डेविना पेरिन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में पूजा शाह ने डेविना पेरिन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेविना पेरिन ने 45 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (74) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। टुडी जॉनसन (44) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 14.2 ओवर में दो विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। अमेरिका की ओर से माही माधवन और पूजा शाह को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका



की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये थे। चेतना पग्यद्यला (10), इसानी वाघेल (10) और दिशा ढींगरा (06) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे समय मे कप्तान अनिका कोलन ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। रितू सिंह (20) रन बनाकर आउट हुई। अनिका कोलन (46) और पूजा गणेश (10) रन बनाकर नाबाद रही। अमेरिका की महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 119 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से प्रिशा थानावाला, टुडी जॉनसन ने दो-दो विकेट लिए। टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### समोआ को 67 रनों से हराकर न्यूजीलैंड की सुपर सिक्स में एंट्री

**कुचिंग (मलेशिया)** : ईव वोलैंड (48) रन की पारी के बाद ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 मुकाबलों में समोआ को 67 रनों से हराकर टूर्नामेंट के सुपर सिक्स में जगह बना ली हैं। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी समोआ की टीम का कोई भी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। समाओ की पूरी टीम 14.2 ओवर में 40 के स्कोर पर ढेर हो गई। समाओ का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। न्यूजीलैंड की ओर से ताश वेकलिन और ऋषिका जसवाल ने तीन-तीन विकेट लिए। सोफी कोर्ट को दो विकेट मिले। हन्ना ओ'कॉनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले समोआ महिला अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिए। इसके बाद टोड और ईव ने पारी को संभला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई।

### बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड को हराया

**बंगी (मलेशिया)**: कप्तान सुमैया अख्तर (नाबाद 28) के बाद अनीसा अख्तर सोबा (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश की महिला टीम ने बुधवार को महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप में स्कॉटलैंड को 17 रनों से हराकर सुपर सिक्स में जगह बना ली हैं। बांग्लादेश के 120 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। इसके बाद पिप्पा स्प्राउल और निअम मुइर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में कप्तान निअम मुइर (22) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद स्कॉटलैंड का कोई भी बल्लेबाज पिच पर अधिक देर तक नहीं टिक सका। पिप्पा स्प्राउल ने 41 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से (41) रनों की पारी खेली। बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे स्कॉलैंड की पूरी टीम 103 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश की ओर से अनीसा अख्तर सोबा ने चार विकेट लिए। निशिता अख्तर निशी और हबीबा इस्लाम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले स्कॉटलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की महिला टीम के बल्लेबाज स्कॉटलैंड के गेंदबाजों के आगे संघर्ष करती नजर आयी। फहमीदा (14), फिरदौस (20), आफिया (21) और कप्तान सुमैया (नाबाद 28) रनों की पारियों खेली।

### अर्शदीप भारत के लिए सबसे ज्यादा टी-20 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

**कोलकाता, वार्ता** : भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये है। अर्शदीप ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 मैच में बेन डकेट को आउट अपने 61वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। इसी के साथ उनके विकेटों की संख्या 97 हो गई। उन्होंने हमवतन स्पिनर युजवेंद्र चहल के 80 मैचों में 96 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय टी-20 विकेट लेने वालों की सूची में अब अर्शदीप शीर्ष पर हैं, उसके बाद दूसरे नंबर पर चहल हैं। शीर्ष पांच में गेंदों में भुवनेश्वर कुमार (87 मैचों में 90 विकेट), जसप्रीत बुमराह (70 में 89) और हार्दिक पांड्या (110 में 89) शामिल हैं। भारत ने इस मुकाबले में इंग्लैंड को सात विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)